卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्निं जनकात्मजायाः आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

वर्ष 24 | अंक 169 | पृष्ठ 8 | रूद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) | शनिवार | 30 मार्च 2024 | मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com | 9897427585 | UTTARANCHAL DARPAN | www.uttaranchaldarpan.in

## चलती बाइक पर पलटा ट्राला छात्र नेता की मौत, एक गंभीर

किच्छा (उद संवाददाता)। हल्द्वानी बाईपास मार्ग पर रेता बजरी से भरा दस टायरा ट्राला चलती बाइक पर गिरने से छात्र नेता की मौत हो गयी जबकि उसका





साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद ट्राले को क्रेन से उठाकर बमुश्किल दोनों बाइक सवारों को बाहर ट्राले के नीचे से निकाला गया। तब तक छात्र नेता की मौत हो चुकी थी। गंभीर हालत में उसके साथी किच्छा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र से रैफर किया गया है। जानकारी के अनुसार जहवारनगर शांतिपुरी निवासी 30 वर्षीय छात्र नेता धन सिंह मेहरा पुत्र जीत सिंह मेहरा अपने साथी पजावा रामपुर उत्तर प्रदेश निवासी 36 वर्षीय इस्लाम पुत्र छुन्नम के साथ शनिवार दोपहर (शेष पृष्ठ सात पर)

## बेकाबू डंपर की टक्कर से तीन की मौत

### खराब ट्रक को खींचने के लिए लगे ट्रक को मारी टक्कर

कोटद्वार (उद संवाददाता)। यहां बीईएल रोड पर एक खराब ट्रक को खींचने के लिए लगे अन्य ट्रक पर अनियंत्रित डंपर ने टक्कर मार दी। हादसे में तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई है। 108 के माध्यम से शवों को बेस अस्पताल पहुंचाया गया है। जानकारी के अनुसार, शुक्रवार रात को बीईएल रोड पर एक ट्रक खराब हो गया था। जिसे ले जाने के लिए शनिवार सुबह एक अन्य ट्रक पहुंचा था। तीन लोग ट्रक को क्रेन में लोड कर रहे थे। तभी तेज गति से आते हुए एक डंपर ने ट्रक पर टक्कर मार दी। इस दौरान तीनों लोग ट्रक और क्रेन के बीच में आ गए गए और उनकी मौके पर मौत हो गई। मौके पर पहुंची दो 108 के चालक विजय प्रसाद, ब्रम्ह देव शर्मा और ईएनटी रविंद्र



चौहान और शुभम ध्यानी ने मृतकों को बेस अस्पताल पहुंचाया। एसआई जयपाल सिंह ने बताया के हादसे में ट्रक मालिक सोहन सिंह उनके साथ आए अशोक और लखविंदर सिंह तीनों निवासी काशीपुर की मौके पर मौत हो गई है। शवों को पोस्ट मार्टम के लिए भेज दिया गया है। घटना से मृतकों के परिजनों में कोहराम मचा है।

## मोदी की सभा की तैयारियों का सीएम ने लिया जायजा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। भाजपा प्रत्याशी अजय भट्ट के समर्थन में दो अप्रैल को मोदी मैदान में आयोजित होने जा रही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की जनसभा के लिए भारतीय जनता पार्टी और प्रशासन ने तैयारियां शुरू कर दी है। शनिवार को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मोदी मैदान पहुंचकर तैयारियों का जायजा लिया। साथ ही तैयारियों को लेकर पार्टी कार्यालय में कार्यकर्ताओं के साथ चर्चा भी की। बता दें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की 2 अप्रैल को दोपहर 12 बजे मोदी मैदान में जनसीाा प्रस्तावित है। इसके लिए प्रशासन सुरक्षा व्यवस्था की तैयारियों में जुट गया है। वही





भाजपा ने जनसभा को सफल बनाने के लिए तैयारियां जोर शोर से शुरू कर दी है। मोदी मैदान में चल रही तैयारियों का शनिवार को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने जायजा लिया। मुख्यमंत्री धामी दोपहर को हैलीकॉप्टर से पुलिस लाईन पहुंचे यहां से कार द्वारा मोदी मैदान पहुंचे। उन्होंने सभा स्थल पर तैयारियों का जायजा लेते हुए आवश्यक दिशा निर्देश भी दिये। इस दौरान सीएम धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सभा ऐतिहासिक होगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री का उत्तराखंड से आध्यात्मिक लगाव है। लोकसभा चुनाव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दो अप्रैल को पहली जनसभा रूद्रपुर के मोदी मैदान में होने जा रही है। यह गर्व की बात है। प्रधानमंत्री की जनसभा को लेकर कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह है। सीएम धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री की जनसभा के बाद उत्तराखण्ड का पूरा माहौल मोदी मय होने जा रहा (शेष पृष्ठ सात परी)

## ऐतिहासिक होगी मोदी की चुनावी रैली: शिव अरोरा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। आगामी 2 अप्रैल को मोदी मैदान में लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी वर्तमान सांसद



अजय भट्ट के समर्थन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की होने वाली चुनावी रैली ऐतिहासिक साबित होगी। यह बात क्षेत्रीय विधायक एवं रूद्रपुर विधानसभा संयोजक शिव अरोरा ने आज भाजपा चुनाव कार्यालय में पत्रकारों के रूबरू होते कही। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 2 अप्रैल को प्रात: 10 बजे मोदी मैदान में जनसभा को सम्बोधित करेंगे। श्री अरोरा ने कहा कि इससे पूर्व श्री मोदी जब मोदी मैदान में जनसभा को सम्बोधित करने आये थे तो उन्हें सुनने के लिए उमड़ी भीड़ ने देशवासियों का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया था। इस बार उससे भी ज्यादा एक लाख से भी अधिक लोग श्री मोदी के विचारों (शेष पृष्ठ सात पर)

## पांच वर्ष लिव इन रिलेशन में रहने के बाद किया शादी से इंकार

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। शादी का झांसा देकर पांच वर्ष तक युवती के साथ लिव इन रिलेशन में रहने के बाद अब युवक ने शादी से इंकार कर दिया। बाद में युवती को बहाने से घर बुलाकर उसे मारपीटकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। दर्ज रपट में पीड़िता का आरोप है कि उसका प्रेम सम्बंध 5 साल से अक्षय विश्वास पुत्र नरेंद्र विश्वाश निवासी आदर्श इन्द्रा बंगाली कॉलोनी से था। जो शादी का झूठा झांसा देकर लगातार उसके साथ लिव इन में रह रहा था। जब उसने अक्षय से शादी के लिए बोला तो उसने साफ मना कर दिया। इस तरह उसके साथ अक्षय विश्वास ने धोखा किया है। आरोप है कि 8 मार्च 2024 को घर पर बुलाकर अक्षय विश्वाश व उसके परिवार वाले माँ कवीता मौसी गीता, उसकी बेटी पूनम, अक्षय, ज्योति व जीजा राजेश व मामा का लड़का शिवम ने एक राय होकर मारपीटकर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। उसका सरकारी अस्पताल से उपचार हुआ। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी के विरूद्ध विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## कुंडा पुलिस के हत्थे चढ़ा एक और नशा कारोबारी

### 75 प्रतिबंधित इंजेक्शन बरामद, स्कूटी सीज

काशीपुर(उद संवाददाता)। नशे के खिलाफ चलाए अभियान को लेकर कुंडा पुलिस पूरी तरह एक्शन में आ चुकी है। उसने चेकिंग के दौरान स्कूटी सवार एक युवक को रोककर उसके कब्जे से प्रतिबंधित दवाइयों का जखीरा बरामद किया। जानकारी के मुताबिक वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मंजूनाथ टीसी के निर्देश पर प्रभारी निरीक्षक विक्रम सिंह राठौर मंडी चौकी प्रभारी मनोहर चंद्र के साथ कांस्टेबल त्रिलोक सिंह हरीश प्रसाद व



मनोज बोरा को लेकर क्षेत्र में वाहनों की सघन जांच पड़ताल में जुटे थे इसी दौरान स्कूटी संख्या यूके 18बी/ 2274 पर सवार होकर फर्राटा भर रहे एक युवक को पुलिस टीम ने शक के आधार पर रोक लिया। पुलिस की कड़ी पूछताछ में पकड़े गए युवक ने अपना नाम मोहल्ला थाना साबिक काशीपुर निवासी मोहम्मद हाशिम पुत्र मोहम्मद अनीस बताया। तलाशी के दौरान पुलिस को उसके कब्जे से प्रतिबंधित डायजापाम के 25, बपरन नोरोफाइन के 25 एवं एविल के 25 इंजेक्शन यानी कुल 75 प्रतिबंधित नशीले इंजेक्शन बरामद हुए। आवश्यक जानकारी जुटाने के बाद गिरफ्तार नशा कारोबारी का पुलिस द्वारा एनडीपीएस एक्ट के तहत (शेष पृष्ठ सात पर)

**आवश्यकता है**

शाम को उत्तरांचल दर्पण अखवार बांटने के लिए युवकों की।

-संपर्क करें-

9897427586

GAGNEJA PROPERTIES

CONTACT FOR SALE, PURCHASE RENT & LEASE

✔ Shops ✔ Houses
✔ Industrial Property
✔ Commercial Property
✔ Agriculture Land

REAL ESTATE WITHOUT THE HASSLE

MO.-8630672525,8279444462

ADD- SRA F69, Shop No.4, Adarsh Colony, Rudrapur

## ..तो क्या कारसेवा से ही हत्यारों को मिली थी सूचना

### पुलिस को मिले रेकी से जुड़े अहम सुराग

■ अनिल सागर

नानकमत्ता। कारसेवा बाबा की हत्या की तीन दिन बाद भी पुलिस के हाथ खाली है लेकिन अभी तक की जांच में हत्या से जुड़े कुछ अहम सबूत पुलिस के हाथ लगे हैं। गौरतलब है कि 28 मार्च को तड़के दो हथियार बंद बदमाशों ने बाबा की गोली मारकर हत्या कर दी थी और फरार हो गए थे। अंदेशा जताया जा रहा है कि बाबा की हत्या में कारसेवा से ही किसी ने हत्यारों के लिए रेकी कर उनका काम आसान किया होगा। ये





सवाल बार-बार आ रहा है कि हत्यारों को कारसेवा बाबा तरसेम सिंह के डेरे में अकेले निहत्था होने की जानकारी किसने दी। संदेह जताया जा रहा है कि डेरे से ही किसी के द्वारा हत्यारों को बाबा के अकेले होने की सूचना मोबाईल से देकर हत्यारों की मदद की। सूत्र बताते हैं कि जिला पीलीभीत के अमरिया के रहने वालें एक सेवादार को पुलिस ने पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है। जिससे पुलिस को कई अहम सुराग मिले है। इसके अलावा गुरूद्वारा नानकमत्ता साहिब के कई सेवादारों से पूछताछ चल रही है। पुलिस ने सर्वजीत व अमरजीत की पुष्टि तो कर ली है ,लेकिन (शेष पृष्ठ सात पर)

### रीठा साहिब और नानकपुरी टांडा तक की रेकी

नानकमत्ता। हत्यारों ने सराय में 19 मार्च को 500 रूपये देकर एसी कमरा बुक कराकर चम्पावत जिले के रीठा साहिब से लेकर यूपी के जिला रामपुर के नानकपुरी टांडा तक रेकी की थी। हत्यारे घटना को किसी भी सूरत में अंजाम देना चाहते थे, उन्हें पता था कि बाबा नानकमत्ता डेरे के अलावा रीठा साहिब व नानकपुंरी टांडा जाते रहते थे। इसलिए उन्होंने ऊधम सिंह नगर से लेकर चम्पावत और यूपी के रामपुर तक रेकी थी। वो कही भी हत्या को अंजाम देना चाहते थे।

### गुरूद्वारे के प्रधान समेत अन्य से भी हो सकती है पूछताछ

नानकमत्ता। कारसेवा बाबा की हत्या में पुलिस एफआईआर में संदिग्ध पूर्व आईएएस व गुरूद्वारा कमेंटी के प्रधान समेत तराई महासभा प्रीतम सिंह संधू समेत बाबा अनूप सिंह से भी पुलिस पूछताछ कर सकती है। हालांकि हत्या में इनको नामजद नही किया है बल्कि संदिग्ध में नामजद किया है। पुलिस कभी भी उनको बुलाकर पूछताछ कर सकती है।

# परिवारवादी, भ्रष्टाचारी और राष्ट्रविरोधी ताकतों को मुंहतोड़ जवाब देगी जनता : धामी

## थराली और पुरोला में सीएम धामी ने किया भव्य रोड शो





थराली/ पुरोला(उद संवाददता)। भाजपा के गढ़वाल लोकसभा प्रत्यशी अनिल बलूनी के समर्थन में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने थराली में रोड शो किया। इस दौरान उनके साथ भाजपा प्रत्याशी अनिल बलूनी और कैबिनेट मंत्री धन सिंह रावत भी मौजूद रहे। सीएम धामी ने कहा भाजपा प्रत्याशी अनिल बलूनी को एक बेहतरीन राजनीतिक सफर का अनुभव है। मुझे पूरा विश्वास है कि पौड़ी गढ़वाल लोकसभा क्षेत्र की जनता उन्हें अपना मत देकर आशीर्वाद अवश्य प्रदान करेगी। सीएम ने कहा उत्तराखण्ड की जनता इस बार प्रचंड बहुमत के साथ पीएम मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए तैयार है और परिवारवादी, भ्रष्टाचारी एवं राष्ट्रविरोधी ताकतों को मुंहतोड़ जवाब देने के लिए तत्पर भी है। सीएम ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि कुछ लोग केवल अपनी पार्टी और परिवार को बचाने के लिए गठबंधन कर रहे हैं। उत्तराखण्ड के लोग ऐसी परिवारवादी पार्टियों को भली-भांति जानते हैं। कांग्रेस को केवल सत्ता हासिल करने से मतलब है देश के विकास से नहीं। सीएम ने कहा हमारी सरकार दंगाइयों के विरुद्ध कानून लेकर आई है। देवभूमि की शांति व्यवस्था को जो भी बिगाड़ने का प्रयास करेगा उसके विरुद्ध कठोर से कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है। इसके साथ ही सख्त नकल विरोधी कानून का ही परिणाम है कि आज भर्ती परीक्षाओं में पारदर्शिता आई है। सीएम धामी ने कहा भर्ती प्रक्रियाओं में तेजी लाते हुए हमारी सरकार ने हजारों युवाओं को नियुक्ति पत्र प्रदान किए हैं और उन्हें रोजगार से जोड़ा है। हमारी सरकार ने अपने वादे के अनुरूप राज्य में समान नागरिक संहिता लाने का कार्य किया। वहीं सीएम पुष्कर सिंह धामी ने पुरोला में टिहरी गढ़वाल से लोकसभा प्रत्याशी श्रीमती माला राज्य लक्ष्मी शाह के समर्थन में आयोजित जनसभा में जनता जनार्दन से उत्तराखण्ड में 'विकास, राष्ट्रवाद व सुशासन' हेतु 19 अप्रैल को कमल के फूल का बटन दबाकर भाजपा को विजयी बनाने की अपील की। उत्तराखण्ड की जनता को आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी पर पूरा भरोसा है और वो इन चुनावों में पाँच की पाँचों सीटों पर कमल खिलाकर प्रधानमंत्री जी के संकल्प अबकी बार 400 पार को साकार करने जा रही है।

# उत्तराखंड में कल जारी होगी प्रत्याशियों की अंतिम सूची

देहरादून(उद संवाददाता)। उत्तराखंड में लोकसभा चुनाव नामांकन प्रक्रिया के तहत शनिवार को नाम वापसी के बाद हर लोकसभा सीट पर प्रत्याशियों की अंतिम सूची जारी हो जाएगी। इस बार चुनाव में 83,37,914 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। शुक्रवार को सचिवालय स्थित मीडिया सेंटर में अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी विजय कुमार जोगदंडे ने बताया कि राज्य में लोकसभा चुनाव की वोटर लिस्ट को अंतिम रूप दिया जा चुका है। इसके अंतिम प्रकाशन के समय राज्य में 83 लाख 37 हजार 914 मतदाता दर्ज हैं। इसमें 43 लाख 17 हजार 579 पुरुष मतदाता और 40 लाख 20 हजार 38 महिला मतदाता हैं। थर्ड जेंडर के मतदाताओं की संख्या 297 है। राज्य में सर्विस वोटरों की संख्या 93 हजार 187 है, जिसमें 90 हजार 554 पुरुष सर्विस वोटर और 2633 महिला सर्विस वोटर हैं। अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि राज्य में कुल 11,729 पोलिंग स्टेशन बनाए गए हैं। इसमें 12 पोलिंग पार्टियां मतदान से तीन दिन पूर्व पोलिंग स्टेशन के लिए प्रस्थान करेंगी। इसमें 11 पोलिंग स्टेशन उत्तरकाशी में और एक पोलिंग स्टेशन पिथौरागढ़ में चिह्नित किया गया है। 705 पोलिंग पार्टियां मतदान से दो दिन पूर्व पोलिंग स्टेशन के लिए प्रस्थान करेंगी और 11012 पोलिंग पार्टियां मतदान से एक दिन पूर्व पोलिंग स्टेशन के लिए प्रस्थान करेंगी। मतदान से दो दिन पूर्व प्रस्थान करने वाली सर्वाधिक पौड़ी में 181 और अल्मोड़ा में 136 पोलिंग पार्टियां हैं। प्रदेश में 63 में से 56 नामांकन स्क्रूटनी के बाद बचे थे। इनमें टिहरी लोकसभा सीट में 11, गढ़वाल में 13, अल्मोड़ा में 08, नैनीताल में 10 और हरिद्वार लोकसभा सीट में 14 नामांकन शामिल हैं। शनिवार को नाम वापसी का समय खत्म होने के साथ ही मैदान में रहने वाले प्रत्याशियों की संख्या स्पष्ट हो जाएगी।



# भाजपा को राष्ट्रीय चुनाव संकल्प पत्र के लिए मिले 70 हजार सुझाव

देहरादून(उद संवाददाता)। उत्तराखंड भाजपा को लोकसभा चुनाव का संकल्पपत्र बनाने के लिए जो सुझाव प्राप्त हुए हैं, उनमें देश में जनसंख्या नियंत्रण करने और बदरीनाथ-केदारनाथ धाम की तर्ज पर गंगोत्री और यमुनोत्री धाम का भी पुनर्निर्माण करने का सुझाव शामिल है। पार्टी को संकल्पपत्र के लिए प्रदेश में 70 हजार से अधिक सुझाव प्राप्त हुए। इनमें 40 फीसदी सुझाव केंद्र सरकार को भेजे जाने लायक हैं। पार्टी ने इनमें से छांटकर प्रमुख सुझाव केंद्रीय नेतृत्व को भेज दिए हैं। इन सुझावों पर विचार करने के बाद भाजपा अपने राष्ट्रीय संकल्पपत्र में इन्हें शामिल कर सकती है। सूत्रों के मुताबिक, पार्टी को मिले इन सुझावों में आयुष्मान भारत योजना की राशि बढ़ाने का सुझाव भी शामिल है। रिस्पना पुल स्थित पार्टी के प्रदेश मीडिया सेंटर में आयोजित एक कार्यक्रम में संकल्पपत्र एकत्रीकरण कमेटी के प्रदेश संयोजक और हरिद्वार लोस उम्मीदवार त्रिवेंद्र सिंह रावत ने सुझावों के संबंध में जानकारी देते हुए बया कि ये सुझाव पार्टी को पत्र, व्यक्तिगत, ऑनलाइन माध्यमों से सुझाव संकलन टीम को प्राप्त हुए। समाज के सभी वर्गों से सुझाव के रूप में हमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए आशीर्वाद प्राप्त हुआ है। इनमें सेवानिवृत्ति कर्मचारी, मजदूर, रेहड़ी ठेली कर्मी, किसान, महिला, युवा, उद्यमी, वकील, डॉक्टर, खिलाड़ी, रंगकर्मी या रचनाकार एवं अन्य वर्गों से जुड़े लोग शामिल हैं। उन्होंने कहा, प्राप्त सुझावों में से 60 फीसदी राज्य एवं 40 फीसदी केंद्र से संबंधित हैं। स्थानीय विषयों से संबंधित सुझाव राज्य सरकार को भेजे जा रहे हैं। केंद्र से जुड़े सुझावों को केंद्रीय नेतृत्व को आज भेजा जा रहा है। प्रदेश चुनाव प्रबंध समिति संयोजक व सांसद नरेश बंसल ने कहा, पार्टी को प्रति विधानसभा 500 से 700 सुझाव मिलने की उम्मीद थी, लेकिन हर विस से औसतन 1000 से अधिक सुझाव प्राप्त हुए हैं। सुझाव प्राप्त करने वाली समिति को बड़ी संख्या में लोगों ने अलग-अलग मुद्दों पर सुझाव दिए तो कुछ ने सुझाव के नाम पर पर्ची डाली की मोदीजी को हमारी राम-राम कह देना। त्रिवेंद्र ने कहा, अधिकांश सुझाव विकास एवं जनकल्याण की योजनाओं को लेकर हैं। राज्य की जागरूक जनता ने पर्यावरण पर महत्वपूर्ण सुझाव दिए हैं। कृषि को बढ़ावा देने और कृषि भूमि में सुधार को लेकर सुझाव आए हैं। स्वास्थ्य सुविधाओं एवं योजनाओं को बेहतर बनाने, देश के विकास की चुनौती बने ज्वलंत मुद्दों, व्यावसायिक प्रक्रियाओं की सरलता, प्रोफेशनल वर्ग के सुझाव, पर्यटन व शिक्षा नीति में सुधार एवं महिलाओं विधवा, वृद्धवस्था, युवा, छात्रों से जुड़े महत्वपूर्ण सुझाव प्राप्त हुए हैं।

# चुनाव प्रचार के लिए कांग्रेस में राहुल और प्रियंका की डिमांड

देहरादून। कांग्रेस हाईकमान ने अभी तक लोकसभा चुनाव के लिए स्टार प्रचारकों की सूची तय नहीं की है। लेकिन कांग्रेस प्रत्याशी चाहते हैं कि उनके संसदीय क्षेत्र में राहुल गांधी, प्रियंका गांधी की चुनावी रैली कराई जाए। भाजपा ने चुनाव प्रचार में 40 स्टार प्रचारकों की सूची जारी कर दी। साथ ही भाजपा प्रत्याशियों की मांग पर केंद्रीय नेतृत्व में वरिष्ठ नेताओं चुनावी रैली के कार्यक्रम तय किए हैं। वहीं, कांग्रेस में स्टार प्रचारक तय नहीं हैं। कांग्रेस प्रत्याशी व पार्टी कार्यकर्ता चाहते हैं कि राहुल गांधी, प्रियंका गांधी वाड्रा, राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, सचिन पायलट, केसी वेणुगोपाल, सलमान खुर्शीद समेत अन्य नेताओं की चुनावी रैली कराई जाए। प्रदेश कांग्रेस वार रूम के अध्यक्ष नवीन जोशी ने बताया कि जल्द ही पार्टी हाईकमान स्टार प्रचारकों की सूची जारी करेगा।लोकसभा चुनाव को लेकर प्रदेश कांग्रेस ने मीडिया समन्वय समिति की घोषणा कर दी। राजीव महर्षि को समिति का मुख्य समन्वयक बनाया गया। जबकि समिति में कुल 16 सदस्य होंगे। राष्ट्रीय कांग्रेस के प्रदेश महासचिव केसी वेणुगोपाल ने मीडिया समन्वय समिति का एलान किया। समिति में मथुरा दत्त जोशी, अमरजीत सिंह, धीरेंद्र प्रताप, सूर्यकांत धस्माना, सुरेंद्र कुमार, नवीन जोशी, गरिमा दसौनी, लखपत बुटोला, प्रदीप जोशी, प्रिया थापा, शीशपाल सिंह बिष्ट, गणेश उपाध्याय, राजेश चमोली, विशाल मौर्य, आशीष नौटियाल, मोहन लाल समिति के सदस्य होंगे।



## कांग्रेस ने चुनावी घोषणा पत्र के लिए हाईकमान को भेजे सुझाव

देहरादून। प्रदेश कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव के घोषणापत्र के लिए उत्तराखंड से संबंधित सुझाव पार्टी हाईकमान को भेज दिए हैं। इसमें उत्तराखंड के बड़े जनमुद्दों भू कानून को लेकर कई सूझाव भेजे हैं। भौगोलिक पर्यावरण को बचाने के लिए टनल निर्माण से होने वाली आपदा और भर्तियों में भ्रष्टाचार रोकने, कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन योजना (ओपीएस) बहाल करने का सुझाव दिया है। हाईकमान राष्ट्रीय स्तर पर घोषणापत्र जारी करेगी। उन्होंने कहा, केंद्र में इंडिया गठबंधन की सरकार बनने पर अग्निवीर भर्ती को समाप्त कर सेना में भर्ती की पूर्व की व्यवस्था को लागू करेगी। देश की रक्षा में उत्तराखंड का सबसे बड़ा योगदान है। प्रदेश के युवा सेना में भर्ती होने के सपने देख रहे, लेकिन अग्निवीर के नाम पर युवाओं के साथ धोखा किया जा रहा है। सरकारी नौकरियों की भर्तियों में भ्रष्टाचार को समाप्त पारदर्शी व्यवस्था बनाई जाएगी। उत्तराखंड आपदा प्रभावित राज्य है। पहाड़ों को खोद कर टनल निर्माण किया जा रहा है। इस मुद्दे को भी घोषणापत्र में शामिल किया जाएगा। टनल निर्माण पहले ज्योलॉजिकल और अन्य वैज्ञानिक सर्वे कराया जाएगा। केंद्र में सरकार बनने पर कर्मचारियों को पुरानी पेंशन योजना का लाभ दिया जाएगा।

# दो अप्रैल को रुद्रपुर में जनसभा करेंगे पीएम मोदी

## उत्तराखंड की पांचों लोकसभा क्षेत्रों में सीएम धामी की भी भारी डिमांड, बीजेपी के स्टार चुनाव प्रचारक जेपी नड्डा सहित योगी, अमित शाह और राजनाथ सिंह भी करेंगे कई चुनावी रैलियां





देहरादून। आगामी लोकसभा चुनाव के लिए देवभूमि उत्तराखंड में एक बार पुन: प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी दो अप्रैल को नैनीताल- ऊधम सिंह नगर लोकसभा क्षेत्र के रुद्रपुर में जनसभा करेंगे। पार्टी के प्रदेश महामंत्री आदित्य कोठारी ने पीएम की जनसभा तय होने की पुष्टि की है। भाजपा ने पीएम मोदी की जनसभा को लेकर तैयारियां शुरू कर दी हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार दो अप्रैल को 12 बजे रुद्रपुर के मोदी मैदान में जनसभा करेंगे। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा की जनसभाएं भी तय हो गई हैं। वह तीन अप्रैल को पिथौरागढ़ व विकासनगर में जनसभा करेंगे। उत्तराखंड की पांच लोकसभा सीटों पर प्रचार के लिए सबसे ज्यादा डिमांड प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ धाकड़ धामी की भी मांगी जा रही है। पार्टी के इन सुपर स्टार प्रचारकों के बाद केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, रक्षामंत्री राजनाथ सिंह, सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी की सबसे अधिक मांग है। पांचों सीटों पर उतारे गए प्रत्याशी कम से कम अपने चुनाव क्षेत्रों में इन सभी नेताओं की जनसभाएं कराने जाने के लिए जोर लगा रहा है। पांचों लोकसभा क्षेत्रों में पार्टी प्रत्याशियों का प्रचार करने के लिए राज्य के नेताओं में सबसे अधिक मांग मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की है। पार्टी ने पूर्व मुख्यमंत्रियों, कैबिनेट मंत्रियों और संगठन के पदाधिकारियों को भी स्टार प्रचार बनाया है। इनका उपयोग पार्टी क्षेत्रीय और जातीय समीकरणों के हिसाब से करेगी। पार्टी सूत्रों के मुताबिक अल्मोड़ा पिथौरागढ़ लोकसभा में नरेंद्र मोदी और योगी आदित्यनाथ के बाद सबसे अधिक डिमांड में अमित शाह, राजनाथ सिंह, नितिन गडकरी और जेपी नड्डा स्मृति ईरानी हैं। प्रधानमंत्री 12 अक्तूबर को अल्मोड़ा में एक जनसभा कर चुके हैं। इसलिए उनकी जनसभा होने की संभावनाएं कम मानी जा रही हैं। यदि पीएम की रैली नहीं होती है तो फिर अमित शाह और राजनाथ सिंह की यहां रैलियां हो सकती हैं। सीमांत जिला होने के कारण दोनों केंद्रीय नेताओं के प्रचार से भाजपा अपना समीकरण सधने की उम्मीद कर रही है। चार धाम ऑलवेदर रोड व अन्य सड़क परियोजनाओं को लेकर गडकरी के प्रचार को भी पार्टी यहां फायदेमंद मान रही है। टिहरी और गढ़वाल लोस सीट पर सबसे अधिक डिमांड पीएम मोदी, योगी आदित्यनाथ और अमित शाह की है। माना जा रहा है कि यदि पीएम की ओर से तीन रैलियों की अनुमति मिली तो इनमें से एक श्रीनगर गढ़वाल या ऋषिकेश के आसपास किसी स्थान पर हो सकती है। पार्टी पीएम की रैली के लिए ऐसा स्थान चुनेगी जहां से दोनों संसदीय क्षेत्रों में संदेश जाए। पीएम के बाद गढ़वाल सीट पर योगी आदित्यनाथ की भी जनसभाएं होंगी। पार्टी श्रीनगर गढ़वाल और कोटद्वार में योगी की जनसभा कराने की सोच रही है। यदि पीएम की जनसभा श्रीनगर में होगी तो योगी की जनसभा चमोली या रुद्रप्रयाग जिले में कराई जा सकती है। इनके अलावा राजनाथ सिंह, नितिन गडकरी, स्मृति ईरानी की जनसभाएं भी दोनों चुनाव क्षेत्रों में कराने पर विचार हो रहा है।

रेरा एप्रूव्ड कालोनी
30 से 60 तक चौड़ी सड़कें,
बड़े-बडे पार्क, गेट बंद कालोनी
90 प्रतिशत तक ऋण सुविधा,
सीवरेज, स्ट्रीट लाईट

डायनामिक गार्डन सिटी
तोमर कंस्ट्रक्शन
श्री राधा स्वामी सत्संग घर गेट नं. 7 के सामने किच्छा रोड, रूद्रपुर
मोबा. 9557222289,7088169159

100 से 400 गज तक के प्लाट
100,160, 200 गज विला
खरीदने व बेचने हेतु सम्पर्क करें।
100 से अधिक परिवार रह रहे हैं

क्या अंग्रेजी दवाईयां आपका रोग ठीक करने में नाकाम हैं तो मिलें-
विजय आयुर्वेद क्लीनिक
पंचकर्म सेन्टर
निम्न रोगों के इलाज में 16 वर्षो का अनुभव:-
पार्किंसन्स, अल्जाइमर, मानसिक विकार, निःसन्तान स्त्री-पुरुष की सभी चिकित्सायें, ट्यूब ब्लॉक, सिस्ट, कीटाणु की कमी आदि। डिस्क प्रोलेप्स सर्वाइकल, गठिया, घुटने का दर्द, किडनी रोग (डायलिसिस से पहले) लीवर सिरोसिस, हैपेटाइटिस B&C, Fatty Liver प्रोस्टेट रोग
असाध्य एवं लाइलाज रोगियों की चिकित्सा शुद्ध आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा की जाती है।
DR. VIJAY PRAKASH MISHRA
M.D. (Ayurveda)
Mob.: 9410897970
DR. ASHWINI MISHRA
M.D. (Ayurveda)
स्त्री एवं त्वचा रोग
मिलने का समय : प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक (शुक्रवार अवकाश)
होटल राजश्री के सामने, गली नं0 2, डॉक्टर्स कालोनी
डी 1 डी 2 सिविल लाईन, रूद्रपुर (ऊधम सिंह नगर) उत्तराखण्ड

# डीएम ने किया कोषागार का निरीक्षण

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने शनिवार को कोषागार का वार्षिक निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने सभी पटलों के कार्यो की जानकारी ली। अलमारियों में रखे अभिलेखों की जांच की। डबल लॉक में अभिलेखों, स्टाम्प सहित अन्य पंजिकाओं की जानकारी ली गई। मुख्य कोषाधिकारी डॉ0 पंकज कुमार शुक्ल ने जिलाधिकारी को डबल लॉक, कोर्ट



फीस टिकट, कोर्ट फीस स्टांप सहित विभिन्न प्रकार के स्टाम्प की जानकारियां दी। जिलाधिकारी ने पैड लॉक, बहुमूल्य वस्तुओं व अन्य पंजिकाओं की भी जानकारियां ली। निरीक्षण के दौरान मुख्य कोषाधिकारी डॉ.पंकज कुमार शुक्ल, कोषाधिकारी जुबक मोहन सक्सैना, मोहित पंत आदि मोजूद थे।

# कैम्प में आंखों की नि:शुल्क जांच

गूलरभोज(उद संवाददाता)। शिव मंदिर रेलवे फाटक के पास उत्तरांचल दर्पण के संवाददाता अमित कुमार गुप्ता के द्वारा आंखों की जांच का निशुल्क कैंप लगाया गया। जिसमें डॉक्टर शिवम बठला के द्वारा आंखों की निशुल्क जांच की गई 80 लोगों ने आंखों की जांच कराई। इस अवसर पर व्यापार मंडल अध्यक्ष डॉक्टर कुलदीप रघुवंशी, डॉक्टर शिवम बठला, जुनैद कुरैशी, नेहा, नगमा, सिमरन कौर, लच्छू गिरी आदि उपस्थित थे।



# बाइक चालक के खिलाफ सड़क हादसे की रिपोर्ट दर्ज

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। किसी कार्य से जा रहे एक वृद्ध को तेज रफ्तार बाइक सवार ने टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए उसे उपचार के लिए चिकित्सालय ने गया जा रहा था तभी रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। मृतक की पत्नी ने बाइक सवार के खिलाफ काठगोदाम थाने में तहरीर सौंप कर कार्रवाई की मांग की है। सौंपी तहरीर में बंदोबस्ती काठगोदाम निवासी नीमा तिवारी पत्नी भुवन चंद्र तिवारी ने कहां है कि 1 मार्च को उसके 64 वर्षीय पति भुवन चन्द्र तिवारी घर से निकाल कर किसी कार्य से काठगोदाम की ओर जा रहे थे तभी तेज गति से आ रही बाइक संख्या ना04ए जे 8578 ने एसएसबी कैंप कार्यालय का समीप उन्हें टक्कर मार दी टक्कर इतनी जबरदस्त थी। वह गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें उपचार के लिए चिकित्सालय ले जाया जा रहा था तभी रास्ते में उनकी मृत्यु हो गई। वही मौके से बाइक सवार फरार हो गया था। पुलिस ने बाइक सवार के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

# बाबा तरसेम सिंह की हत्या की निन्दा

किच्छा(उद संवाददाता)।गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा किच्छा के मीटिंग हॉल में गुरु द्वारा कमेटी एवं सिख समाज के तमाम लोगों ने डेरा कार सेवा के जत्थेदार बाबा तरसेम सिंह की निर्मम हत्या की निंदा की। कमेटी के प्रधान सरदार रणजीत सिंह गिल की अध्यक्षता में सभा का आयोजन किया गया। जिसमें कमेटी के प्रधान रणजीत सिंह गिल ने कहा कि बाबा तरसेम सिंह गुरुद्वारा नानकमत्ता साहिब के डेरा कार सेवा के बाबा जी सभी के अनुयायी थे। उनकी हत्या से सिख समाज ही नहीं बल्कि अन्य सभी समाज को भारी क्षति हुई है।उन्होंने कहा कि बाबा जी सभी धर्म का सम्मान करते थे और सभी को साथ लेकर चलते थे। उनके जाने से समाज को बहुत बड़ी क्षति हुई, जो किसी कीमत पर पूरी नहीं हो सकती। उन्होंने हत्या की जांच की मांग की और दोषियों को तत्काल पकड़े जाने की मांग की। बैठक में पूर्व प्रधान गुरनाम सिंह धारीवाल ने कहा कि इस प्रकार की घटना की जितनी निंदा की जाए उतनी कम है। बाबा तरसेम सिंह सिख कॉम के अगवा थे। हम उनकी हत्या की निंदा करते हैं। इस मौके पर कमेटी के प्रधान रणजीत सिंह गिल, सेक्रेटरी प्रभजोत सिंह चीमा, खजांची परविंदर सिंह, गुरनाम सिंह धारीवाल, कंवलजीत सिंह बाठला, जगरूप सिंह गोल्डी ,डॉक्टर गुलशन,जसपाल सिंह, जोगिंदर सिंह ग्रोवर, निर्मल सिंह बिजली, इंद्रपाल सिंह, दलजीत सिंह बग्गा आदि संगत मौजूद थी।

# शस्त्र जमा करने के लिए पुलिस ने चलाया अभियान

रामनगर(उद संवाददाता)। आगामी लोकसभा चुनाव शांतिपूर्वक संपन्न कराने के लिए रामनगर कोतवाली पुलिस ने कमर कस ली है। जानकारी देते हुए कोतवाल अरुण कुमार सैनी ने बताया कि चुनाव को ध्यान में रखते हुए रामनगर कोतवाली अंतर्गत लाइसेंस धारी शस्त्र धारकों को लेकर अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि रामनगर कोतवाली के अंतर्गत कल 673 शास्त्रधारी है। अभी तक 313 लोगों द्वारा अपने शस्त्र रामनगर



कोतवाली के साथ ही नगर में स्थित आर्म्स की दुकानों में शस्त्र जमा करने की कार्रवाई की गई है। उन्होंने कहा कि जिन लोगों द्वारा अभी भी अपने शस्त्र जमा नहीं किए गए हैं वह शीघ्र इन्हें जमा करा दे अन्यथा उनके शस्त्र निरस्त्रीकरण की कार्रवाई को लेकर जिलाधिकारी को रिपोर्ट प्रेषित की जाएगी। इसके साथ उन्होंने बताया कि इसके साथ ही पुलिस द्वारा 34 मामलों में 270 लोगों के खिलाफ मुचलका पाबंद करने की कार्रवाई की गई है तथा यह कार्रवाई अभी जारी है।

# शराब के साथ तस्कर दबोचा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर जनपद में चलाये जा रहे ऑपरेशन प्रहार, ऑपरेशन क्रैकडाउन के तहत पंतनगर थाना पुलिस ने राम सिंह पुत्र शंकर सिंह निवासी नगला नाला गोल गेट पंतनगर को 84 पाउच अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार कर लिया। उसके खिलाफ सम्बंधित धाराओं में केस दर्ज किया गया है।



# गूलरभोज नगर पंचायत को द्वितीय स्थान मिलने पर जताया हर्ष

गूलरभोज(उद संवाददाता)। शासन ने स्वच्छता सर्वेक्षण 2023 में चयनित नगर निकायों छावनी परिषद को अटल निर्मल नगर पुरस्कार योजना के अंतर्गत बजट की स्वीकृति प्रदान की है। राज्य की तीन नगर पंचायतों श्रेणी में लालकुआं प्रथम गूलरभोज द्वितीय स्थान तथा भिकियासैण अल्मोड़ा को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ है। गूलरभोज के द्वितीय स्थान आने पर अधिशासी अधिकारी आशीष नेगी, अनीता दुबे, तरुण दुबे, साइट इंचार्ज सुपरवाइजर शेषनारायण शुक्ला, प्रेम सागर, पप्पू आर्या, जगदीश सिंह, साहिल गाबा आदि ने हर्ष व्यक्त किया है।

# चाकू के साथ लुटेरा गिरफ्तार

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। चाकू दिखाकर लोगों को लूटने वाले लुटेरे को पुलिस ने चाकू सहित गिरफ्तार कर उसे न्यायालय में पेश किया है। मंगल पड़ाव चौकी पुलिस बीती रात रामलीला मोहल्ले में गश्त कर रही थी। तभी एक व्यक्ति रामलीला गेट से पार्क की ओर पुलिस को देखकर भागने लगा संडे होने पर पुलिस ने उसे धर दबोचा । और उसकी तलाशी ली उस दौरान उसके पास से एक चाकू बरामद हुआ। पुलिस की पूछताछ में उसने अपना नाम महेंद्र पाल पुत्र केसरी निवासी मीरगंज बताया उसने पुलिस को बताया कि वह चाकू दिखाकर लोगों से पैसे लूट रहा था पुलिस ने कार्रवाई करते हुए उसे न्यायालय में पेश किया है।

# अवैध शस्त्र, कच्ची शराब व एक वारंटी समेत चार गिरफ्तार

काशीपुर(उद संवाददाता)। अवैध शस्त्र, शराब व फरार वारंटियों की घर पकड़ हेतु चलाएं अभियान के क्रम में आईटीआई पुलिस ने आधा दर्जन स्थानों पर छापामार कार्यवाही करते हुए 65 लीटर कच्ची शराब समेत एक तस्कर को गिरफ्तार कर लिया। इसी के साथ अवैध शस्त्रों से लैस दो बदमाशों को भी पुलिस ने हिरासत में लेते हुए एक फरार वारंटी को भी गिरफ्तार करने में सफलता पाई। कार्यवाही के बारे में पता चला है कि जसपुर तिराहा कुंडेश्वरी की ओर जाने वाले मार्ग पर संदिग्ध हालत में चहल कदमी करते हुए ग्राम छोटी बरखेड़ी थाना आईटीआई निवासी परमजीत सिंह पुत्र कुलवंत सिंह को पुलिस टीम ने 130 पाउच (लगभग 65 लीटर) अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया। इसी तरह चौती मैदान से टीले की ओर जाने वाले मार्ग पर आसाराम बापू आश्रम के समीप पुलिस ने बांसियो वाला मंदिर, मोहल्ला जसपुर खुर्द निवासी बिट्टू पुत्र संजय कुमार को चाकू के साथ गिरफ्तार किया। इसी तरह एक अन्य कार्यवाही के दौरान बहस पेपर मिल की ओर जाने वाले मार्ग से वार्ड नंबर 9 महुआ खेड़ा गंज निवासी रोहित पुत्र वीर सिंह को पुलिस ने दबोच लिया। तलाशी में उसके कब्जे से भी एक चाकू बरामद हुआ। ऐसे ही एक्साइज एक्ट के मामले में लंबे समय से फरार चल रहे खड़कपुर देवीपुरा थाना आईटीआई निवासी अशोक कुमार पुत्र जय सिंह को पुलिस ने सूचना के आधार पर दबिश देकर गिरफ्तार करते हुए पूछताछ के बाद उपरोक्त चारों को न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया।

# पुलिस ने दो वारंटी किये गिरफ्तार

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर जनपद में चलाये जा रहे ऑपरेशन प्रहार, ऑपरेशन क्रैकडाउन के तहत सिडकुल चौकी पुलिस ने न्यायालय से वांछित



चल रहे वारंटी दीप चंद्रा पुत्र अमित चंद्रा निवासी सिटीजन एक्सपोर्ट सिडकुल पंतनगर और रंजीत पुत्र सुरेश निवासी छतरपुर पंतनगर को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया। गिरफ्तार करने वाली टीम में सिडकुल चौकी प्रभारी प्रदीप कुमार, कांस्टेबल नितिन कुमार, पंकज पोखरियाल आदि शामिल थे।

# किरायेदार पर लाखों की मशीनें चोरी करने का आरोप

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। गोदाम स्वामी द्वारा अपने किरायेदार पर गोदाम में रखी लाखों रुपए कीमत की मशीनें चीरी कर ले जाने का आरोप लगाया है। ग्राम सुन्दरपुर पोस्ट ऑफिस कुवंरपुर हल्द्वानी जनपद नैनीताल निवासी भास्कर बेजवासी पुत्र जगदीश चंद्र का कहना है कि उसका एक प्लांट एन बी ऑटो एंड ब्राइट भास्कर स्टील प्रा लि नाम से ग्राम कुरैया मे स्थित है। प्लाण्ट के आगे की हिस्से को बरेली निवासी एक व्यक्ति को किराये पर दे रखा था तथा बाकी गोदाम के हिस्से में उसकी मशीने रखी हुई थी। 27 मार्च 2024 को उसने कई बार अपने मोबाईल से किराये के लिये फोन किया परन्तु किरायेदार ने फोन नहीं उठाया। किसी अन्य नंबर से फोन किया तो उसने फोन उठाया और बोला कि वह अपनी मशीने निकाल लाया है तुम अपनी देख लो। मशीनें देखने जब वह गोदाम पर आया तो देखा कि उक्त किरायेदार उसकी भी 30 लाख रूपये कीमत की मशीने चोरी करके ले गया है। इसके बाद से किरायेदार ने फोन उठाना भी बन्द कर दिया है। उससे मई 2023 से अब तक का किराया लेना है और गोदाम का बिजली का बिल भी बकाया है।

# सुधीर गुप्ता अध्यक्ष, सतपाल ब्रह्मचारी प्रबंधक चुने गए

हरिद्वार(उद संवाददाता)।श्री सनातन धर्म प्रतिनिधि सभा (पंजाब) नई दिल्ली द्वारा संचालित श्री मिथिलेश सनातन धर्म इंटर कॉलेज, सतीघाट, कनखल की प्रबंध समिति के वार्षिक चुनाव सर्वसम्मति से संपन्न हुए। सुधीर कुमार गुप्ता अध्यक्ष एवं सतपाल ब्रह्मचारी प्रबंधक चुने गए। जबकि महंत स्वरूप बिहारी शरण उपाध्यक्ष, डॉ प्रदीप जोशी कोषाध्यक्ष तथा बालेन्दु शर्मा उप प्रबंधक निर्वाचित हुए। सभी पदों पर चुनाव निर्विरोध हुए। चुनाव प्रक्रिया चुनाव आयोग की अनुमति के बाद संपन्न की गई। चुनाव पर्यवेक्षक महेश चंद्र मैथाणी तथा चुनाव अधिकारी एडवोकेट अतुल कुमार बिश्नोई की देखरेख में निर्विघ्न रूप से संपन्न हुए। चुनाव प्रक्रिया में प्रबंध समिति के सदस्यों इंद्र मोहन गोस्वामी, सुभाष चंद्र घई, पुरुषोत्तम शर्मा गांधीवादी, तोष जैन, सुनील दत्त पांडे, राजेंद्र कुमार शर्मा, मनोज कुमार खन्ना शामिल हुए। चुनाव प्रक्रिया का संचालन कॉलेज की प्रधानाचार्या श्रीमती मीनाक्षी शर्मा ने किया। चुनाव प्रक्रिया में वरिष्ठ शिक्षक राजीव पंत शिक्षक के एन जोशी, वरिष्ठ लिपिक मधु विष्ट, कार्यालय प्रभारी गंभीर सिंह राणा एवं नितिन कुमार आदि ने सहयोग किया। चुनाव प्रक्रिया श्री सनातन धर्म प्रतिनिधि सभा (पंजाब)नई दिल्ली के संस्थापक अध्यक्ष त्यागमूर्ति गोस्वामी गणेश दत्त महाराज की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर शुरूकी गई। स्वस्तिवाचन कर सभी प्रतिनिधियों को तिलक लगाया गया। इस अवसर पर नवनिर्वाचित अध्यक्ष सुधीर कुमार गुप्ता और प्रबंधक सतपाल ब्रह्मचारी ने कहा कि विद्यालय की प्रगति के लिए कार्य किया जाएगा।

# कांग्रेस प्रत्याशी प्रकाश जोशी ने स्वराज आश्रम से किया चुनावी आगाज

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। स्वतंत्रता संग्राम का केंद्र रहा स्वराज आश्रम कांग्रेस पार्टी जिंदाबाद के नारों से गूँज गया। सैकड़ो की तादाद में कांग्रेस कार्यकर्ताओं पदाधिकारियों ने कांग्रेस सांसद प्रत्याशी प्रकाश जोशी का आज स्वराज आश्रम पहुँचने पर जोरदार स्वागत किया और एक स्वर में सभी ने उन्हें जीत का आशीर्वाद दिया। जिला कांग्रेस सम्मेलन में कांग्रेस प्रत्याशी प्रकाश जोशी ने कहा कि इतने कम समय में जिस प्रकार का साथ और सहयोग कांग्रेस परिवार द्वारा उनको मिल रहा है इसके लिए वे सभी के आजीवन ऋणी रहेंगे। उन्होंने कहा कि नैनीताल लोकसभा क्षेत्र को 10 साल से विकास के नाम पर सिर्फ छला गया है। इसकी बयानगी आपको सांसद द्वारा गोद लिए गए एकलौते गाँव की स्थिति देख कर मालूम चल जाएगी। 5 साल के कार्यकाल में सिर्फ 40 प्रतिशत सांसद निधि ही खर्च होना सांसद की क्षेत्र और विकासकार्यो के प्रति उदासीनता को दर्शाता है। जिला सम्मेलन में नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य, विधायक सुमित हृदयेश, पूर्व विधायक जीत राम, पूर्व विधायक संजीव आर्य, जिलाध्यक्ष राहुल छिमवाल, महानगर अध्यक्ष एडवोकेट गोविंद बिष्ट, सती, पूर्व ब्लॉक प्रमुख भोला भट्ट, ललित जोशी, प्रदेश सचिव मयंक भट्ट, सुहैल सिद्दीकी, कानू बिष्ट, राजेंद्र बिष्ट रज्जी, ब्लॉक अध्यक्ष हेम पाण्डे, मोहन बिष्ट,





नैनीताल चौयरमेन सचिन नेगी, भीमताल चौयरमेन दीपू चुनोतियाँ, महानगर अध्यक्ष महिला मधु सांगूड़ी, युवक कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष सुमित्तर भुल्लर, पीसीसी सतीश नैनवाल, हरेंद्र बोरा, पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष तारा नेगी, पूर्व चौयरमेन दीप जाकिर हुसैन, पुष्कर दानू, युवक कांग्रेस जिलाध्यक्ष हर्षित भट्ट, विशाल भोजक, पार्षद राधा आर्य, विनोद दानी, मुकुल बलुटिया, गोविंद बगड़वाल, मलय बिष्ट सहित सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने शिरकत की। नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य जी ने कहा कि 10 साल के भाजपा राज मे जनता त्रस्त हो चुकी है और परिवर्तन का मन बना चुकी है। विधायक सुमित हृदयेश ने कहा कि अग्निवीर योजना ने युवाओं के भविष्य के साथ जो खिलवाड़ किया है उसका हिसाब युवा अपने वोट से देगा। जिलाध्यक्ष राहुल छिमवाल ने कहा कि कांग्रेस का बूथ स्तर का कार्यकर्ता तैयार है और नैनीताल जिले की सभी विधानसभा कांग्रेस जीतेगी। महानगर अध्यक्ष गोविंद बिष्ट ने कहा कि आज के कार्यक्रम से कांग्रेस में नई ऊर्जा का संचार हुवा है और चुनावो मे इसका असर आज से दिखना शुरू हो जायेगा। पूर्व विधायक संजीव आर्य और पूर्व विधायक जीत राम ने कहा कि कांग्रेस का बूथ लेवल कार्यकर्ता ही कांग्रेस की उसकी ताकत है और इसी ताकत के बल पर हम विकास विरोधी भाजपा को नैनीताल लोकसभा से उखाड़ फेकेंगे।जिला सम्मेलन के उपरांत कांग्रेस प्रत्याशी प्रकाश जोशी ने नगर के मुख्य बाजार क्षेत्र में जनसंपर्क अभियान चलाया और स्थानीय जनता और व्यापारियों से सीधा संवाद कायम कर सभी को कांग्रेस के पांच न्याय गारंटी की जानकारी दी गयी। कांग्रेस प्रत्याशी प्रकाश जोशी आज खटीमा, नानकमत्ता, सितारगंज और किच्छा विधानसभा क्षेत्रों में कांग्रेस कार्यकर्ताओं से संवाद और जनसंपर्क करेंगे।

# श्री श्री शनि देव मंदिर में महानाम संकीर्तन प्रारम्भ

रूद्रपुर (उद संवाददाता) । श्री श्री शनि देव महाराज जी की वार्षिक पूजा कार्यक्रम के तहत सिंह कालोनी गली नम्बर एक स्थित श्री श्री शनि देव महाराज जी के मंदिर तथा आदर्श इंदिरा बंगाली कालोनी में स्थित श्री श्री शनि देव महाराज जी के मंदिर में आज प्रातः छह जिसे सुनकर उपस्थित भक्तजन भक्ति में पूरी तरह से मग्न हो रहे हैं। जिसके बाद दोपहर एक बजे से दोनों ही श्री शनि देव महाराज जी के मंदिरों श्री श्री शनि देव महाराज जी की विधि विधान से पूजा अर्चना की गई। महानाम संकीर्तन का कल 31मार्च को प्रातः छह बजे समापन समल राय, सुबोध सरकार, सचिन पांडे, शंकर सरकार, देव दास सरकार, भुवन राय, सुरेन अधिकारी, दुलाल बैरागी, राकेश विश्वास, भागीरथ पाल, शंकर शील , कार्तिक ढाली, सुभाष मंडल, भानु विश्वास, जमुना सरकार, पुर्णिमा मिस्त्री, सरो राय, शिखा मण्डल, अजन्ता मंडल, मुकेश मालाकार, पूर्णिमा विश्वास, सीमा विश्वास, ठाकुर दासी, रीना सरकार, माया बैरागी, शिल्पी सरकार, राधा अधिकारी, लक्ष्मी मंडल, आयना सरकार, पार्वती सेन, सुब्रत सरकार, विष्णु सरकार, दिपंकर साना, असीम सरकार, विभा विश्वास, माधुरी मण्डल, सुनीता साना, श्याम





बजे से धार्मिक अनुष्ठानों के साथ महानाम संकीर्तन प्रारम्भ किया गया। आमंत्रित कीर्तन मंडलियों धर्मनगर की हरि गोपाल संप्रदाय, दिनेशपुर की राधा कृष्ण संप्रदाय, शक्तिफार्म की दादा भाई संप्रदाय तथा अमृत नगर की श्री गोपाल संप्रदाय कीर्तन मंडलियों द्वारा क्रमवार ढोलक मंजीरों के साथ संकीर्तन किया जा रहा है। होगा। इस दौरान श्री श्री शनि देव मंदिर के पंडित शशांक चक्रवर्ती, मालाधारी हरि कृष्ण, दल संचालक कुलीन शील, कार्तिक मंडल, देवू मंडल, पारुल मंडल, चौताली मंडल, प्रीति मंडल, श्रुति मंडल, हृदय मंडल, गोबिंद राय, प्रियंका मंडल, खोखन मंडल, श्यामल राय, आशा सरकार, गणेश सरकार, उत्तम अधिकारी, डा. ईश्वर मल्लिक, काशीनाथ हाजरा, बुद्ध मल्लिक, दीपांकर साना, प्रहलाद विश्वास, प्रशांत विश्वास, तपन विश्वास,गीता सरकार, दीपाली डे, सुबल मंडल, पुलिन शिल, सुमति गांगुली, आरजू दास, तारा गोलदार, गौतम घरामी, रमेन मण्डल, गुरु चांद, राहुल, गोविन्द सरकार, अमित सरकार, उषा मण्डल, सुषमा राय, सरकार, तपन सरकार, मनी मंडल, तपन विश्वास, रमेन मंडल, श्यामली सरकार, कविता मंडल, अनिल मंडल, अमरीश राय, मक्खन पाल, प्रबल मंडल, सपन साना, विश्वजीत मजूमदार, गायत्री हालदार, मधु सरकार, सुनीता हालदार, अमित सरकार, विवेक गुप्ता व मुकेश मालाकार सहित सैकड़ों श्रद्धालु मौजूद थे।

# संकीर्तन में लिया आर्शीवाद

रूद्रपुर( उद संवाददाता)। ग्राम सुन्दरपुर में आयोजित श्री श्री राधाकृष्ण महानाम संकीर्तन में पहुंचने पर पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल को आयोजकों ने अंग वस्त्र पहनाकर सम्मानित किया। इस दौरान ठुकराल ने संकीर्तन सुना और सभी के लिए सुख समृद्धि की कामना की। ठुकराल ने कहा धार्मिक आयोजनों से वातावरण शुद्ध और उर्जावान होता है। धार्मिक आयोजन हमें बुराई का त्याग और अच्छा की राह पर



चलने की प्रेरणा देते है। श्री ठुकराल ने कहा कि धार्मिक कार्यक्रम समाज को धर्म की राह पर चलने की प्रेरणा देते हैं। धार्मिक आयोजनों से मन में नई उर्जा का संचार होता है। उन्होंने कहा कि आज युवा पीढ़ी पाश्चात्य संस्कृति के प्रभाव में आकर अपनी संस्कृति को भूल रही है। युवा पीढ़ी को अपने धर्म और संस्कृति से जोड़ने के लिए उन्हें जागरूक करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि आज बच्चों को किताबी ज्ञान के साथ साथ संस्कारों का ज्ञान देना भी जरूरी है। इस अवसर पर विजय मंडल, सबल मंडल, ठाकुर राय, रतन बैरागी, अतुल कृष्ण मंडल, प्रदीप मंडल, अभिजीत मंडल, अजीत मंडल, पंकज सरकार, निरंजन सरकार, सुभाष मंडल, राजीव सरकार, दुलाल मंडल, बंटी कोली, ललित विष्ट, गगन ग्रोवर समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

**तुम जियो हजारों साल**



अनमोल सिंह राज के जन्म दिन पर समस्त परिवारजनों एवं दर्पण परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं

# मां ज्वाला जी की ज्योति लेने के लिए जत्था रवाना





रूद्रपुर (उद संवाददाता)। आगामी चैत्र नवरात्र के उपलक्ष्य में श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर श्री सनातन धर्म सभा के बैनरतले 51वीं श्री माता वैष्णो देवी यात्रा के लिए श्रद्धालुओं का जत्था पूजा अर्चना के साथ मां ज्वाला जी की पावन ज्योति लेने के लिए रवाना हो गया। यात्रियों का जत्था हरिद्वार, पंचकुला, मनसा देवी मन्दिर, जालंधर देवी तलाब मन्दिर, कटरा माता वैष्णो देवी मंदिर से होते हुए हिमांचल में मां चामुण्डा देवी मंदिर चिंतपूर्णी कांगड़ा होते मां ज्वाला जी पहुंचेगा। मां ज्वाला जी पवित्र जोत के दर्शन कर 7 अप्रैल को मां ज्वाला जी पवित्र जोत लेकर हरिद्वार होते 8 अप्रैल को यात्रा वापस रूद्रपुर लक्ष्मी नारायण मंदिर पहुंचेगी। यात्रा के रवाना होने के दौरान श्री सनातन धर्म सभा के अध्यक्ष महेश बब्बर,महामंत्री ओम प्रकाश अरोरा, यात्रा समिति के सरपरस्त आनंद कुमार, अध्यक्ष राकेश सुखीजा, विजय विरमानी, राकेश राजदेव, लक्ष्य विरमानी, हरीश कुकरेजा, राजीव ठक्कर, अश्विनी बजाज, अमित अरोड़ा बॉबी, शशि अरोड़ा, पिंकी ग्रोवर, सीमा ढोनेजा, विशाल आनंद आदि शामिल थे। इस दौरान सभी ने सफल यात्री की शुभकामनायें देकर यात्रियों को रवाना किया।

# हत्याकांड के आरोपियों को जल्द किया जाए गिरफ्तार : डीजीपी

नानकमत्ता(उद संवाददाता)। नानकमत्ता के प्रमुख बाबा तरसेम सिंह की हत्या मामले में उत्तराखंड के डीजीपी अभिनव कुमार शुक्रवार को घटनास्थल का जायजा लेने नानकमत्ता पहुंचे। इस दौरान मौके उन्होंने पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक कर जल्द से जल्द मामले का खुलासा करने के निर्देश दिए हैं। शुक्रवार को डीजीपी अभिनव कुमार ने घटनाक्रम पर पहुंचकर सभी एंगल से घटना स्थल का मौका मुआयना किया। इस दौरान डीजीपी ने घटना के वक्त डेरे में मौजूद कार सेवकों से घटना की जानकारी प्राप्त की। डीजीपी ने पुलिस के अधिकारियों के साथ बैठक कर जल्द से जल्द आरोपियों को





गिरफ्तार कर मामले का खुलासा करने के सख्त निर्देश दिए। बता दें मामले का खुलासा करने के लिए 11 टीमों का गठन किया गया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। जिसमें सर्वजीत सिंह, अमरजीत सिंह, प्रीतम सिंह सिधु, हरवंश सिंह चुघ और बाबा अनूप सिंह का नाम शामिल हैं। बता दें बीते गुरुवार को सुबह करीब 6:15 से 6:30 की है। बाबा तरसेम सिंह कुर्सी पर बैठे थे। तभी अचानक सामने से आए दो बाइक सवार बदमाशों ने उन पर फायरिंग कर दी। गोलियां लगने से तरसेम सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए थे। आनन-फानन में उन्हें खटीमा के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उनकी मौत हो गई। बता दें कि इस हत्याकांड को नानकमत्ता गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के जल्द होने वाले चुनाव से जोड़कर भी देखा जा रहा है। मामले की जांच के लिए एसआइटी का गठन कर दिया गया है। फिलहाल आरोपियों की तलाश जारी है।

# मोदी सरकार में देश को मिली नई पहचान:भट्ट

## किच्छा विधानसभा के ग्रामीण क्षेत्रों में भाजपा प्रत्याशी ने किया धुंआधार जनसंपर्क

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। नामांकन के पश्चात धुंआधार प्रचार में जुटे भाजपा प्रत्याशी अजय भट्ट ने शुक्रवार को ग्रामीण क्षेत्रों में व्यापक जनसंपर्क किया और नुक्कड़ सभाओं में सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुए वोट की अपील की। जनसंपर्क अभियान के तहत भाजपा प्रत्याशी अजय भट्ट ने किच्छा विधानसभा अंतर्गत ग्राम फुलसुंगा, गंगापुर, नारायणपुर, कनकपुर, प्रतापपुर, इंदरपुर, राघवनगर, आनंदपुर, तुर्कागौरी एवं शांतिपुरी में कार्यकर्ताओं के काफिले के साथ व्यापक जनसंपर्क किया और नुक्कड़ सभाओं को सम्बोधित किया। जनसंपर्क के दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने अजय भट्ट का गर्मजोशी से स्वागत करते हुए जीत के लिए आश्वस्त किया। नुक्कड़ सभाओं को सम्बोधित करते हुए भाजपा प्रत्याशी अजय भट्ट ने कहा कि यह चुनाव देश के भविष्य का चुनाव है। आम चुनाव देश की दिशा तय





करता है। मोदी सरकार ने दस साल में देश की तस्वीर बदलने का काम किया है, एक बार फिर केन्द्र में भाजपा सरकार बनने से भारत विश्व गुरू बनने की दिशा में तेजी से अग्रसर होगा। आज भारत की ताकत का लोहा पूरी दुनिया मान रही है। यह मोदी सरकार की दूरदर्शिता का परिणाम है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ऐतिहासिक फैसले लेकर भारत को गौरवान्वित किया है। आज दुनिया में भारत को सम्मान की दृष्टि से देखा जा रहा है। भाजपा प्रत्याशी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का उत्तराखण्ड के साथ विशेष लगाव रहा है इसी लिए आज उत्तराखण्ड में लोगों के जीवन स्तर में सुधार हुआ है करोड़ों की परियोजनाओं पर काम किया जा रहा है। जमरानी बांध के निर्माण का रास्ता साफ हो चुका है जल्द ही किच्छा में एम्स की स्थापना होने से पूरे कुमांऊ को इसका लाभ मिलेगा। साथ ही पंतनगर में इंटरनेशनल हवाई अड्डा बनने से पूरे कुमांऊ में अभूतपूर्व विकास होगा। इससे न सिफ इस क्षेत्र को नई पहचान मिलेगी बल्कि युवाओं को रोजगार भी मिलेगा। नुक्कड़ सभाओं में ग्रामीणों को सम्बोधित करते हुए श्री भट्ट ने कहा कि भाजपा सरकार के अभूतपूर्व विकास कार्यों के बल पर आज भारतीय जनता पार्टी के प्रति जनता का विश्वास कई गुना बढ़ा है। लोगों को आज मोदी की गारंटी पर पूरा भरोसा है। इसी लिए विपक्ष के लोग लगातार भाजपा में शामिल हो रहे है। उन्होंने कहा कि भाजपा जो कहती है वो पूरा करती है। भाजपा सरकार ने धारा 370, सीएए और राममंदिर निर्माण जैसे वो बड़े कार्य भी कर दिखाये जिसकी लोग उम्मीद नहीं करते थे। यह सब आम आदमी के एक एक वोट की ताकत से संभव हो सका है। उन्होंने कहा कि अभी ऐसे अनेक काम शेष हैं जिन्हें पूरा करने के लिए केंद्र में भाजपा सरकार जरूरी है लिहाजा भाजपा के पक्ष में मतदान कर उन्हें भारी मतों से विजयी बनाएं और मोदी जी के हाथों को मजबूत करें। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष कमल जिंदल, विधानसभा प्रभारी दिनेश आर्य, किच्छा के पूर्व विधायक राजेश शुक्ला, वरिष्ठ भाजपा नेता दिग्विजय सिंह खाती, हितेंद्र त्रिपाठी, विपिन जल्होत्रा ,लोक सभा सयोजक विवेक सक्सेना ,मंडल अध्यक्ष अक्षय अरोरा, महिला मोर्चा की जिला महामंत्री स्वाति शर्मा ,कमलेंद्र सेमवाल,अजय तिवारी, दिनेश भाटिया, आशीष छाबड़ा, अमित पुरोहित, उमेश बिष्ट,हरेंद्र राव,विनोद प्रताप चंद,रामप्रवेश मिश्र,अंकुर अग्रवाल इंद्र भूषण मिश्र,रमेश चंद्र,धर्मेंद्र शाही, सुधीर शाही, विनोद राय, गुलाब चंद ,परशुराम प्रसाद,बाबूलाल आदि समेत तमाम भाजपाई मौजूद रहे।

## 2136866 मतदाता करेंगे दस प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। शांतिपूर्ण, निष्पक्ष मतदान कराना हम सभी का दायित्व है। इसलिए निर्वाचन में लगे सभी अधिकारी सक्रियता से कार्य करें व निर्वाचन आयोग के गाईडलाइन का अनुपालन करें यह निर्देश सामान्य प्रेक्षक गगनदीप सिंह बरार ने बैठक में दिये। प्रेक्षक ने कहा कि निर्वाचन में लगे सभी अधिकारी कर्मचारी तटस्थ होकर अपने दायित्वो का निर्वहन करें। उन्होने कहा सभी अधिकारी पारदर्शिता से कार्य करे तथा हस्तपुस्तिका का पूर्ण अध्ययन कर लें ताकि निर्वाचन के दौरान किसी प्रकार की कठिनाइयों का सामना न करना पडें। उन्होंने कहा सभी एसएसटी, एफएसटी, वीएसटी, एलएमटी, एमसीएमसी टीमे सतर्क होकर पैनी नजर रखते हुए कार्य करें तथा अपनी-अपनी रिर्पोट प्रतिदिन समय पर सुनिश्चित करें। उन्होने कहा कि संसदीय क्षेत्र के 50 प्रतिशत बूथों की बेवकास्टिंग की जानी इसलिए चिन्हित क्रिटिकल व वर्नेवल मतदान स्थलों को बेवकास्टिंग में रखा जाये। उन्होने कहा दिव्यांग व बुजुर्ग मतदाताओं को घर-घर जाकर मतदान कराया जाये। इसके लिए रूठ चार्ट बनाकर टीमें गठित करते हुए



मतदान प्रक्रिया की वीडियोग्राफी अनिवार्य रूप से करायी जाये तथा मत की गोपनीयता बनायें रखें। उन्होंने कहा घर-घर मतदान की पूर्व सूचना व समय राजनैतिक पार्टियों को अवश्य दी जाये।रिटर्निंग ऑफिसर उदयराज सिंह ने बताया कि नैनीताल-उधमसिंह नगर संसदीय क्षेत्र में 10 प्रत्याशियों द्वारा नामांकन कराया गया है। संसदीय क्षेघ्त्र में जनपद उधमसिंह नगर व नैनीताल की 14 विधानसभाए आती है। संसदीय क्षेत्र में 2136866 मतदाता है। जिन्हे सुचारू मतदान कराने हेतु कुल 2329 मतदेय स्थल बनाये गये है, 215 क्रिटिकल, 456 वर्नेवल बूथ चिन्हित है। शांतिपूर्ण निर्वाध मतदान सम्पन्न कराने हेतु 18521 कार्मिक लगाये गये है। उन्होने बताया कि मतदान कार्मिकों को प्रथम प्रशिक्षण दिया जा चुका है। द्वितीय प्रशिक्षण उधमसिंह नगर में 05 से 09 अप्रैल व नैनीताल में 03 से 05 अप्रैल को प्रस्तावित है। उन्होने बताया कि पर्याप्त वाहनों की व्यवस्था कर ली गयी है। संसदीय क्षेत्र में 97 एफएसटी व 97 एसएसटी टीमें व 80 वीएसटी टीमें लगायी गयी है। जबकि 57 अन्तर्राज्जीय बैरियर बनाये गये है, जिनमे सीसी टीवी कैमरें से निगरानी रखी जा रही है। सी-विजिल पर अबतक 1223 शिकायतें प्राप्त हुई जिनका निर्धारित समय पर निस्तारण कर दिया गया है। सुविधा एप पोर्टल संचालित है जिसकी सूचना राजनैतिक पार्टियों को दे दी गयी है ताकि कोई भी अनुमति ले सकते है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि हमने 85 प्रतिशत मतदान का लक्ष्य रखा है, इसके लिए लगातार स्वीप कार्यक्रमों के माध्यम से मतदादा जगरूकता अभियान चलाया जा रहा है। बैठक में व्यय प्रेक्षक टी0 शंकर, जिला निर्वाचन अधिकारी नैनीताल वंदना, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पीएन मीणा, सीडीओ नैनीताल अशोक कुमार पाण्डे, उधमसिंह नगर के मनीष कुमार, उप जिला निर्वाचन अधिकारी अशोक कुमार जोशी, नैनीताल फिंचा राम चौहान, नोडल एमसीएमसी आरडी पालिवाल, एमसीसी पंकज उपाध्याय, प्रशिक्षण नरेश चन्द्र दुर्गापाल, एआरओ मनीष बिष्ट, राकेश तिवारी, रविन्द्र बिष्ट, कौस्तुभ मिश्र, अभय प्रताप सिंह, डॉ0 अमृता शर्मा, गौरव पाण्डेय, गौरव चटवाल, एपी बाजपेयी, परितोष वर्मा, प्रमोद कुमार, रेखा कोहली, केएन गोस्वामी सहित अनेक नोडल अधिकारी मौजूद थे।

## चोरी की बाइक चोरी के साथ दो लोग गिरफ्तार

रामनगर(उद संवाददाता)। दो दिन पूर्व एक व्यक्ति अपनी बाइक से रेलवे स्टेशन पर टिकट बुक करने गया था तथा यह युवक अपनी बाइक को रेलवे स्टेशन के बाहर खड़ी करके गया था जब वह वापस आया तो उसकी बाइक मौके से लापता थी इस मामले में उसने पुलिस को जानकारी दी जिसके बाद पुलिस ने अज्ञात बाइक चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी थी। घटना के संबंध में शनिवार को जानकारी देते हुए कोतवाल अरुण कुमार सैनी ने बताया कि ग्राम पदमपुर



छोई निवासी विजय पाल ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह 28 मार्च को बाइक से रेलवे स्टेशन में टिकट बुक करने गया था वापस आने पर उसकी बाइक मौके से लापता थी कोतवाल ने बताया कि गठित पुलिस टीम द्वारा आसिफ निवासी शक्तिनगर पुछडी तथा फैजान निवासी मोहल्ला गुलरघट्टी को काशीपुर रोड के समीप चोरी की गई बाइक के साथ रंगे हाथों गिरफ्तार कर उनके खिलाफ संबंधित धाराओं के तहत अभियोग दर्ज करते हुए उन्हें कोर्ट में पेश करने की कार्रवाई की गई है।

## गिरफ्तारी वारंट देख पैरों तले खिसक गई जमीन

### दहेज उत्पीड़न के आठ वर्ष पुराने मामले में दंपति ने कर लिया था फैसला,अब आई सामत

■ मनोज श्रीवास्तव

काशीपुर/जसपुर। दहेज उत्पीड़न के लगभग आठ वर्ष पुराने मामले में गिरफ्तारी वारंट लेकर पतरामपुर चौकी पुलिस जैसे ही अभियुक्तों के घर पहुंची परिजनों के होश फाख्ता हो गए। वह सिर पर पैर रखकर भागे। सूत्रों का कहना है कि फरार अभियुक्तों में से कुछ को पुलिस ने हिरासत में लिया है। पूरे प्रकरण में मजे की बात यह है कि लगभग आठ वर्ष पूर्व ससुरालियों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न का मामला दर्ज कराने के कुछ समय बाद पति-पत्नी ने आपस में समझौता कर लिया और पूर्व की भांति रहने लगे। दंपति के सोहबत से बच्चे भी हैं लेकिन कोर्ट को इसकी भनक तक नहीं लगी। ज्ञातव्य है कि कुंडा थाना क्षेत्र के बसई चौक निवासी सुरेश सिंह ने अपनी पुत्री सोनिका का विवाह वर्ष 2015 की 14 दिसंबर को मेघावाला जसपुर निवासी प्रवेंद्र पुत्र भगवानदास के साथ धूमधाम से किया। आरोप है की शादी के मात्र एक महीने बाद ही ससुरालयों द्वारा दो लाख रुपए की नगदी तथा ऑलटो कार की खातिर विवाहिता को बुरी तरह प्रताड़ित किया जाने लगा। 2016 की 29 अप्रैल को यानी शादी के मात्र चार महीने बाद विवाहिता को मारपीट कर घर से बेघर



कर दिया गया। इस मामले में पीड़िता के पिता सुरेश कुमार ने एक मई 2016 को सूर्या चौकी पुलिस को तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की। पुलिस ने तहरीर के आधार पर पीड़िता के पति पर्वेंद्र, ससुर भगवान दास, सास रामवती देवी, जेठ पवन, जेठानी ममता, देवर भूपेंद्र व नन्द शोभा ललित व बबीता समेत नौ के खिलाफ दहेज उत्पीड़न की गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर विवेचना के उपरांत चार्जशीट कोर्ट में पेश कर दिया। इसी बीच कुछ समय बाद विवाहिता ने अपने ससुराल वालों के साथ आपस में समझौता कर लिया और पूर्व की भांति रहने लगे। पति-पत्नी की सोहबत से बच्चे भी हैं लेकिन कोर्ट को इसकी भनक नहीं लग सकी। प्रकरण के लगभग 8 वर्ष बाद जब सिविल जज जूनियर डिवीजन करिश्मा डंगवाल की अदालत से जारी गिरफ्तारी वारंट लेकर पुलिस अभियुक्तों के घर पहुंची तो उनके होश उड़ गए। उन्हें जैसे ही पता चला कि उनके खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किए गए हैं वह सिर पर पैर रखकर भागे। अपुष्ट सूत्रों का कहना है कि इस बीच जसपुर की पतरामपुर चौकी पुलिस ने अभियुक्तों में से पति, जेठ, जेठानी एवं सास को गिरफ्तार कर लिया है जबकि बाकी के अन्य अभी फरार बताए जा रहे हैं।

## एमेनिटी और जेसीज ने जीते अपने-अपने मैच

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ उधम सिंह नगर के तत्वधान में जिले में चल रही अंडर-19 जिला क्रिकेट लीग प्रतियोगिता का पहला मैच एमिनिटी पब्लिक स्कूल और एमके स्क्वेयर अकैडमी काशीपुर के एमेनिटी पब्लिक स्कूल के खेल मैदान पर खेला गया। एमिनिटी पब्लिक स्कूल ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निधरित 50 ओवरों के खेल में 47.2 ओवरों खेलते हुए 207 रनों पर ऑल आउट हो गई। एमिनिटी की तरफ से आदित्य शाह ने शतकीय पारी खेलते हुए 115 रन बनाए। अरनव त्यागी ने 25 रनो का योगदान दिया। एमके स्क्वायर की तरफ से आशुतोष ,कृष्ण गर्ग और शौर्य श्रीवास्तव ने 2-2 विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी एमके स्क्वायर काशीपुर की पूरी टीम 184 रनों पर ऑल आउट हो गयी। एमके स्क्वायर की तरफ से यश यादव ने 75 ,निखिल सैनी ने 20, सैमुल मलिक ने 24 रनों का योगदान दिया। एमेनिटी पब्लिक स्कूल की तरफ से मधुर चांदनी ने 3 अभिमन्यु कांडपाल ,आदित्य शाहने 2-2 विकेट लिए। यह मैच एमिनिटी पब्लिक स्कूल ने मैच जीत कर अपने ग्रुप में दो अंक प्राप्त कर लिया है। इस मैच के अंपायर अभिषेक और योगेंद्र पावर ऑनलाइन स्कोरिंग सुभद्रा दास द्वारा की गई। दूसरा मैच



एमिनिटी मदनलाल क्रिकेट खेल मैदान पर डीपीएस रूद्रपुर और जेजीज पब्लिक स्कूल के मध्य खेला गया। डीपीएस ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 45 ओवरों के खेल में 9 विकेट खोकर 219 रन बनाएं। डीपीएस की तरफ से कुणाल ने 73, शुभांशु यादव ने 32 , उज्जवल गुप्ता ने 32 रनों का योगदान दिया। जेसिस अकादमी की तरफ से राहुल जोशी , अक्षत पासवान ने 3-3 जीवांश यादव ने 2 विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी जेजिस क्रिकेट अकादमी ने 43 ओवर में 9 विकेट खोकर लक्ष्य प्राप्त कर लिया। जेसिस अकादमी की तरफ से अमित राजा ने 68 ,अंकित कुमार ने 25 रनों का योगदान दिया। डीपीएस की तरफ से शुभांशु यादव ने 4 और मनोज कुमार ने 2 विकेट लिए। जेसिस क्रिकेट अकादमी ने यह मैच एक विकेट से जीतकर अपने ग्रुप में दो अंक प्राप्त कर लिए हैं। इस मैच की अंपायर इंद्रजीत सिंह और शैलेंद्र शर्मा ऑनलाइन स्कोरिंग राहुल द्वारा की गई। आयोजक समिति ने बताया है कि कल एमेनिटी मदनलाल क्रिकेट खेल मैदान पर मौर्य क्रिकेट अकादमी गदरपुर और वारियर्स क्रिकेट अकादमी के मध्य मैच खेला जाएगा।

# उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## 'इंडिया' गठबंधन की रणनीति

देश की राजनीति में भाजपा को घेरने के लिए तमाम विपक्षी दल पिछले कई वर्षो से एकजुट होने का प्रयास कर रहे हैं। इसमें उन्हें सफलता भी मिली। लेकिन वैचारिक मतभेदों के चलते गठबंधन में अनेक बार अवरोध भी पैदा हुए। अब लोकसभा चुनाव के मद्देनजर जिस तरह विपक्षी दल एकजुट हुए थे और एक व्यापक आंदोलन की रणनीति बनी थी, उससे लगा था कि वह सत्तापक्ष के लिए बड़ी चुनौती साबित होगा। मगर अब जब चुनाव की घोषणा हो गई और नामांकन के पहले चरण की प्रक्रिया भी पूरी हो गई है, इस गठबंधन में वह एकजुटता नजर नहीं आ रही है। खासकर सीटों के बंटवारे को लेकर गठबंधन में शामिल दलों में गतिरोध पूरी तरह खत्म नहीं हो पाया है। दिल्ली, उत्तर प्रदेश और हरियाणा में तो सीटों को लेकर पहले ही समझौता हो गया था, मगर बिहार में काफी मंथन के बाद समझौता हो पाया है। मगर अभी महाराष्ट्र का मामला लटका हुआ है। गठबंधन में नजर आ रही यह शिथिलता किसी रणनीति का हिस्सा नहीं मानी जा सकती। इसमें राजनीतिक दलों की अपनी स्थिति को लेकर हिचक अधिक समझ आती है। दरअसल, जिस जोशो-खरोश के साथ विपक्षी दलों ने मिल कर 'इंडिया' गठबंधन बनाया था, वह धीरे-धीरे कमजोर पड़ता गया। इस गठबंधन के अगुआ नीतीश कुमार खुद भाजपा के साथ जा मिले, फिर ममता बनर्जी ने अकेले चुनाव लड़ने की घोषणा कर दी। इस तरह दलों के अलग-अलग रास्ता अपनाने से गठबंधन को जो कुछ रैलियां प्रस्तावित थीं, वे भी अभी तक नहीं हो पाई हैं। इससे यह भी जाहिर होता है कि सीटों के बंटवारे को लेकर जो फार्मूला पहले ही तय हो जाना चाहिए था, वह अभी तक अंतिम रूप नहीं ले पाया है, जिसकी वजह से ये अड़चनें बनी हुई हैं। माना जा रहा था कि गठबंधन के दल इस फार्मूले पर सहमत हो जाएंगे कि जिस सीट पर जिसकी जीत की उम्मीद अधिक है, उस पर उसी के प्रत्याशी को उतारा जाएगा। मगर शायद यह फार्मूला सर्वमान्य नहीं हो पाया। इसी वजह से कुछ सीटों को लेकर अभी तक खींचतान देखी जा रही है। इससे गठबंधन के बारे में गलत संदेश ही जा रहा है। सीटों के निर्धारण में जितनी देर होगी, उतना ही कम समय उन पर उतारे जाने वाले प्रत्याशियों को प्रचार के लिए मिल पाएगा। राजनीति में फैसलों के समय की भी बड़ी अहमियत होती है। सही समय पर फैसले नहीं लिए जाते, तो उसका फायदा आखिरकार विपक्षी दल को मिलता है। इसलिए गठबंधन दलों को अब ज्यादा समय तक सीटों के बंटवारे को लेकर हिचक पाले रखना या मंथन नहीं करना चाहिए। हालांकि कई बार रणनीति के तहत भी राजनीतिक दल ऐसा दिखाने के प्रयास करते हैं कि वे कमजोर या अनिर्णय की स्थिति में हैं। इस तरह वे प्रतिद्वंद्वी की चालों को भांपने का प्रयास करते हैं। मगर गठबंधन के दल अब उस दौर से आगे निकल आए हैं। सत्तापक्ष ने ज्यादातर जगहों पर अपने उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है। उसके सहयोगी दलों के साथ समीकरण भी स्पष्ट हैं। ऐसे में अब जरूरत है, तो विपक्षी गठबंधन दलों को अपने स्थानीय स्वार्थों और पार्टी नेताओं के दबाव से बाहर निकल कर सत्ता समर के लिए कमर कसने की। हालांकि गठबंधन के लिए इसे एक अच्छा संकेत माना जा सकता है कि सीटों के बंटवारे में देर जरूर हो रही है, पर अभी तक उनमें एकजुटता बनी हुई है। अब देखना यह है कि यह एकजुटता कितने समय तक टिकी रह सकती है। देश अनेक राज्यों में प्रमुख दलों ने तो अकेले ही चुनाव लड़ने की घोषणा तक कर दी है। यह बात निश्चित है कि विपक्षी दल जितना बिखरेंगे उतना ही फायदा भाजपा व उसके सहयोगी दलों का मिलेगा।

# पेट्रोल पंपों पर मिल रहा है दूषित पेयजल

## कहीं हवा का टोटा तो कहीं लटके हैं शौचालयों में ताले

काशीपुर(उद संवाददाता)। क्षेत्र के अधिकांश पेट्रोल पंपों पर वाहन चालकों को हलक तर करने के लिए दूषित पानी पीना पड़ रहा है तो कई पेट्रोल पंप ऐसे भी हैं जहां गाड़ियों में डालने के लिए हवा की कोई व्यवस्था नहीं है। और तो और अधिकतर ऐसे पेट्रोल पंपों पर शौचालयों में ताले लटके देखे जा सकते हैं। इस तरह की हालात परिस्थिति में वाहन चालकों के सामने बड़ी मुश्किल खड़ी है। जानकारी के मुताबिक काशीपुर जसपुर तथा बाजपुर में संचालित दर्जनों पेट्रोल पंपों पर पेयजल की व्यवस्था बद से बदतर है। वर्षों से पानी के टंकियों की नियमित सफाई न होने के कारण नलों से दूषित पानी आ रहा है। काशीपुर में मुरादाबाद रोड पर महेशपुर पुलिया से जसपुर अड्डे के बीच संचालित पेट्रोल पंपों के अलावा रामनगर रोड पर खुले पेट्रोल पंप महाराणा प्रताप चौक के आसपास तथा बाजपुर रोड के तमाम पेट्रोल पंप ऐसे हैं जहां पानी तो है लेकिन पीने योग्य नहीं है। ऐसे ही शौचालय तो है लेकिन सिर्फ स्टाफ के इस्तेमाल के लिए। इसके बाद उसमें बाकायदा ताला बंद कर दिया जाता है। इसी तरह गाड़ियों में हवा डालने की जानकारी लेने पर पेट्रोल पंपों पर कार्यरत सेल्समैन पल्ला झाड़ जाते हैं। अब यहां सवाल यह उठता है कि पेट्रोल पंपों के संचालन के लिए जो मानक सरकार द्वारा निर्धारित किए हैं क्या वह फाइलों तक सीमित है। इस तरह की गंभीर अनियमितताओं के खिलाफ आखिर जिम्मेदार अधिकारी कदम क्यों नहीं उठाते यह यक्ष प्रश्न बना हुआ है। अपुष्ट सूत्रों का यह भी कहना है कि जिम्मेदार अधिकारियों को अनियमितताओं की अनदेखी करने के एवज में बाकायदा मिठाई दी जाती है। इसी तरह जसपुर रोड पर टोल प्लाजा के समीप खुले पेट्रोल पंप का हाल बेहाल है।

### कैंसिल हो सकता है लाइसेंस

काशीपुर। पेट्रोल पंपों पर मिलने वाली सुविधाओं में लेडिस जेंट्स टॉयलेट, शुद्ध पेयजल की व्यवस्था के अलावा टायरों में हवा भरने के लिए एयर पंप नितांत आवश्यक है। इसके अलावा प्रायमरी ट्रीटमेंट एवं अर्जेंट कॉल के लिए भी सड़क मार्ग से गुजरते हुए नजदीक के पेट्रोल पंप को सर्च किया जा सकता है। इसके अलावा कभी यदि गाड़ी में आग लगने की शिकायत होती है तो इस स्थिति में पेट्रोल पंपों से फायर सेफ्टी डिवाइस की भी सुविधा ली जा सकती है। यह तमाम सुविधाएं आम जनता के लिए पूरी तरह निशुल्क है। यदि किसी पेट्रोल पंप पर उपरोक्त तमाम सुविधाएं मौजूद नहीं है तो इसकी शिकायत की जा सकती है। ऐसे में पेट्रोल पंपों का लाइसेंस कैंसिल होगा या फिर भारी भरकम जुर्माना अदा करना होगा।

# चुनाव प्रचार के लिए भाजपा नेताओं को सौंपी जिम्मेवारियां

खटीमा (उद संवाददाता)। लोकसभा चुनाव में प्रचार को लेकर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने पार्टी के सभी वरिष्ठ पदाधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्र में पार्टी का वोट प्रतिशत बढ़ाने को लेकर जनसंपर्क अभियान चलाने की जिम्मेदारी सौंपी। नगर अध्यक्ष की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में 19 अप्रैल को प्रथम चरण में उत्तराखंड में होने वाले चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी अजय भट्ट के समर्थन में विधनसभा क्षेत्र के सभी बूथों पर पार्टी के सभी वरिष्ठ कार्यकर्ताओं द्वारा बूथों के माध्यम से प्रत्येक परिवार के साथ जुड़कर पार्टी को पिछले चुनाव की तुलना में इस बार के लोकसभा चुनाव में अधिक से अधिक वोटो को भारतीय जनता पार्टी के साथ जोड़ने का संकल्प लिया गया। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रमेश चंद्र जोशी ने कहा कि लोकसभा नैनीताल उधम सिंह नगर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं गृहमंत्री अमित शाह जैसे राष्ट्रीय नेता चुनावी रैलिया को संबोधित करेंगे उन्होंने कहा कि पार्टी लोकसभा चुनाव में कार्यकर्ताओं के बलबूते पर अपने पुराने प्रदर्शन को दोहराएगी, लोकसभा चुनाव में फिर एक बार भारतीय जनता पार्टी का प्रथम लहराएगा। बैठक में डेरा प्रमुख धार्मिक गुरु बाबा तरसेम सिंह की हत्या की कड़े शब्दों में



निंदा की गई एवं पुलिस प्रशासन से हत्याकांड का शीघ्र अति शीघ्र खुलासा करने की मांग की गयी। बैठक में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रमेश चंद्र जोशी, किसान आयोग के उपाध्यक्ष राजपाल सिंह, भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की प्रदेश उपाध्यक्ष मोहनी पोखरिया ,पूर्व सैनिक संगठन के अध्यक्ष गंभीर सिंह धामी, भारतीय जनता पार्टी के नगर अध्यक्ष जीवन धामी, नगर महामंत्री मनोज वाधवा, भुवन भट्ट, जिला कार्यकारिणी सदस्य राहुल सक्सेना, नगर उपाध्यक्ष अनुपम शर्मा ,विनीत सक्सेना ,रेनू भंडारी, रजनी जोशी, ललिता चंद ,प्रेम सिंह खोलिया ,राशिद मिर्जा, किशन सिंह बिष्ट ,सुरेश जीना ,हरिशंकर रस्तोगी, ओम प्रकाश ठाकुर, राहुल चौहान, वरिष्ठ भाजपा नेता महेंद्र अधिकारी ,आशु भारती, सनी रस्तोगी, नवल वाल्मीकि, प्रदीप गुप्ता, गोपाल बोरा, नवीन बोरा आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# सेवा अस्माकम धर्म पर छुट्टी के दिन लोगों को मिला नेत्र शिविर का लाभ

बागेश्वर(उद संवाददाता)। राजकीय अवकाश पर सभी राजकीय कर्मी अवकाश पर थे, पर जिला अस्पताल में आंखों से सम्बंधित रोगियों के लिए नेत्र शिविर आयोजित किया गया।नेत्र शिविर में जिलेभर से दूरदराज क्षेत्रो से नेत्र रोगी अपना नेत्र परीक्षण कराने पहुँचे, वही नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ एसपी त्रिपाठी और नेत्र रोग के सहायक फार्मेसिस्ट प्रदीप रावत द्वारा शिविर में पहुँचे रोगियों का चिकित्सीय परीक्षण कर उनका इलाज किया गया।शिविर में दर्जनों मरीज पहुँचे, जिसके बाद कई नेत्र रोगियों का नेत्र परीक्षण के बाद सफल नेत्र प्रत्यारोपण कर लेंस डाला गया।इस दौरान दर्जनों मरीजों को नेत्र शिविर में सफल नेत्र लेंस प्रत्यारोपण किया गया।वही मरीजो और उनके परिजनों द्वारा नेत्र रोग विशेषज्ञ और उनकी टीम का आभार जताया। वैसे तो गुड़ फ्राइडे पर राजकीय अवकाश था, परंतु दूरदराज क्षेत्रों से मरीज अपने इलाज के लिए जिला अस्पताल पहुँचे, छुट्टी के बाद भी इमरजेंसी कक्ष में ईएमओद्वारा सभी मरीजो का इलाज किया गया।छुट्टी होने के बाद सैकड़ो मरीजो की भीड़ लगी रही।वही अस्पताल में तैनात विशेषज्ञ चिकित्सक लगातार मरीजों के इलाज करते नजर आए।अस्पताल में केवल आपातकालीन चिकित्सा सुविधा के बाद भी फिजिशियन ,आर्थो सर्जन, जनरल सर्जन भी अस्पताल में पहुचे मरीजोको ईएमओ के द्वारा आवश्यक सलाह और चिकित्सीय परामर्श हेतु बुलाने पर तत्काल जरूरी मरीजोका इलाज करने में जुटे रहे।वही कई मरीज ऐसे में वरिष्ठ चिकित्सकों के द्वारा दिन रात मरीजों के इलाज के लिए दी जा रही सुविधा के लिए उनका आभार जताते हुए सुनाई दिए।



# मानव सेवा समिति ने आयोजित किया रक्तदान शिविर

देहरादून (उद संवाददाता)। मानव सेवा समिति, उत्तराखण्ड द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन, देहरादून चैप्टर के अधिकारी कमल साहू ने रक्त और रक्त के घटकों की बढ़ती मांग का हवाला देते हुए स्वैच्छिक दान की महत्वपूर्ण आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि बढ़ती बीमारियों और सड़क दुर्घटनाओं के कारण रक्तदान बेहद महत्वपूर्ण है। अजबपुर खुर्द, देहरादून में मानव सेवा सोसायटी द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर में बोलते हुए, साहू ने रक्तदान के स्वास्थ्य लाभों पर भी प्रकाश डाला, उन्होंने कहा कि शरीर के भीतर रक्त का जीवनकाल सीमित होता है और इसे कृत्रिम रूप से बदला नहीं जा सकता है। उनका कहना है कि रक्तदान करने से न केवल जीवन बचाने में मदद मिलती है, बल्कि दानकर्ता के मेटाबॉलिक प्रक्रिया में भी सुधार होता है, रक्तदान के 24-28 घंटों के भीतर ताजा रक्त का निर्माण फिर से शुरू हो जाता है। मानव सेवा सोसाइटी के ट्रस्टी महेश खंकरियाल ने बताया कि मानव सेवा सोसाइटी एक गैर सरकारी संस्था है जो उत्तराखण्ड में शिक्षा, स्वास्थ्य एवं पर्यावरण के क्षेत्र में खघसकर पहाड़ी क्षेत्रों में पिछले 21 सालों से कार्य कर रही है। उन्होंने स्वीकार किया कि सामाजिक और सांस्कृतिक मानदंड स्वैच्छिक रक्तदान में वृद्धि के लिए चुनौतियाँ पेश करते हैं, जो अक्सर पारंपरिक समुदाय-आधारित दृष्टिकोण के कारण होता है। खंकरियाल ने आगे कहा कि उत्तराखंड में स्वैच्छिक रक्त दाताओं की अत्यधिक आवश्यकता है, स्वैच्छिक रक्तदान को बढ़ावा देने के प्रयासों को सामाजिक और सांस्कृतिक व्यवहार में निहित बाधाओं का सामना करना पड़ता है। इसके अलावा, रक्तचाप, यूरिक एसिड और कोलेस्ट्रॉल के स्तर को कम करके स्ट्रोक, दिल के दौरे और विभिन्न जीवनशैली से संबंधित स्थितियों के जोखिम को रक्तदान के जरिए कम किया जा सकता है। इसके बावजूद, रक्त और उसके घटकों की अत्यधिक मांग है, विशेष रूप से कीमोथेरेपी से गुजर रहे कैंसर रोगियों, एनीमिया से पीड़ित व्यक्तियों और जो लोग थैलेसीमिया से पीड़ित हैं।

# चुनाव को लेकर कांग्रेस ने शुरू किया 'मेरे विकास का दो हिसाब' अभियान

देहरादून(उद संवाददाता)। लोकसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस ने 'मेरे विकास का दो हिसाब' अभियान शुरू किया है। इस अभियान के तहत कांग्रेस गांव-गांव जाकर मोदी सरकार के 10 साल के विकास का हिसाब मांगेगी। अभियान को लेकर प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने सभी 70 विधानसभा क्षेत्रों के प्रभारियों को भी दिशा-निर्देश जारी किए हैं। प्रदेश उपाध्यक्ष संगठन मथुरादत्त जोशी ने बताया कि कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव के लिए मेरे विकास का दो हिसाब अभियान शुरू कर केंद्र व प्रदेश में भाजपा सरकार से विकास का हिसाब मांगा है। भाजपा चुनाव में विकास के मुद्दों से जनता का ध्यान भटकाने का प्रयास कर रही है। लेकिन कांग्रेस ने देश के विकास व जनहित से जुड़े मुद्दे उठाकर भाजपा पर जनता की ओर से जवाब मांगने का निर्णय लिया है। भाजपा ने हर चुनाव में जुमलेबाजी कर जनता को गुमराह किया। प्रदेश की जनता विकास का हिसाब चाहती है। इससे बचने को भाजपा रास्ता ढूंढ रही है। जोशी ने बताया कि प्रदेश की पांच लोकसभा संसदीय क्षेत्रों के 70 विधानसभाओं में इस अभियान को मजबूती से चलाया जाएगा। पार्टी कार्यकर्ता गांव-गांव जाकर 10 सालों में किए विकास पर जवाब मांगेगी। पिछले चुनाव में भाजपा ने कालाधन वापस लाने पर 15-15 लाख देंगे, दो करोड़ नौकरी देने का वादा किया था। लेकिन प्रदेश की जनता इस चुनाव में भाजपा के जुमलों पर भरोसा नहीं करेगी। इस अभियान के माध्यम से कांग्रेस किसान, युवा, बेरोजगार, महिला, व्यापारी के मुद्दों को उठाएगी। कांग्रेस ने सवाल किया देश में बेरोजगारों की संख्या 83 प्रतिशत युवा क्यों हैं। 30 लाख सरकारी पद खाली क्यों हैं। बड़े पूंजीपतियों का 16 लाख करोड़ माफ किया गया। लेकिन देश के किसान कर्ज से आत्महत्या क्यों कर रहे हैं। किसानों की आय दोगुनी कब होगी।

# जंगली सूअर के आतंक से काश्तकार परेशान

बागेश्वर(उद संवाददाता)। जिले में मौसमी फसलों से काश्तकार अपने खेतों में कड़ी मेहनत कर फसलें उगाते है,वही दिन रात की मेहनत पर जंगली सुअरों का झुंड किसानों की तैयार फसलों को पल भर में ही रौंद कर नष्ट कर दे रहे हैं, जिला मुख्यालय से सटे हुए गांव अमतौड़ा, मोटासिमल, ड्यांगण,स्युनी डुंगरगांव, नायल, अमसरकोट, लेटी भिंगेड़ी, सहित अन्य गावो में जंगली सुअरों का आतंक बना हुआ है, गावो में जंगली सुअरों का झुंड खुलेआम गावो में खेत खलिहानों में नुकसान पहुंचा रहे हैं।जंगली सुअरों के भय से ग्रामीण भी कभी भी सुअरों द्वारा हमला करने के भय से आशंकित है।जिस कारण गांवो में लोग झुंड बनाकर



गंतव्य तक आवागमन कर रहे हैं, वही खेतों में कर्षि और जानवरों के लिए चारा लेने जाने समय महिलाएं भी झुंड में जाने को मजबूर हैं।वही काश्तकारों को अपनी मेहनत से खेतों में पैदा हुई फसल के बर्बाद होने के साथ साथ कभी भी सुअरों के झुंड के हमले से कभी भी कोई हादसा होने का भय सता रहा है।वही जंगली सूअर भयमुक्त होकर खेतों में उगाई गई फसलों को खोदकर नष्ट कर रहे हैं।ग्रामीण क्षेत्रों में लोग अपनी फसलों को सुअरों के आतंक के बचाने के लिए रतजगा कर टार्च, मशाल, डुगडुगी और थाली बजाकर जंगली सुअरों को भगाने में लगे हुए हैं।वही सुअरों द्वारा बर्बाद की जा रही फसल देखकर काश्तकारी करने से बचने का मन बना रहे हैं।वन पंचायत संघ के जिलाध्यक्ष पूरन सिंह रावल ने वन विभाग और जिला प्रशासन से शीघ्र जंगली सुअरों के आतंक से निजात दिलाने की मांग की है।वही क्षेत्रीय लोगों ने जल्द जंगली सुअरों के आतंक से निजात नहीं दिलाने, और फसलों को हुए नुकसान की भरपाई और मुआवजा नहीं देने पर आंदोलन की चेतावनी दी है।

# हमलावरों की तलाश में यूपी और पंजाब में दबिश

## बदमाशों की गिरफ्तारी के लिए छानबीन में जुटी उत्तराखंड पुलिस की 11 टीमें दे रही विभिन्न राज्यों में दबिश, सोशल मीडिया में वायरल पोस्ट की होगी जांच

नानकमत्ता। नानकमत्ता में डेरा कार सेवा प्रमुख बाबा तरसेम सिंह की हत्या में शामिल दो हत्यारोपियों की तलाश में पुलिस की 11 टीमें जुटी हुई हैं। हत्यारोपियों की तलाश में दो टीमों ने पंजाब और दो टीमें यूपी में डेरा डाला हुआ है। हत्यारोपियों को दबोचने के लिए दोनों राज्यों की पुलिस से सहयोग मांगा गया है। साथ ही घटना से संबंधित जानकारियां साझा की जा रही हैं। बृहस्पतिवार सुबह बाइक सवार दो बदमाशों ने राइफल से दो गोलियां मारकर बाबा तरसेम सिंह की हत्या कर दी थी। हत्याकांड को अंजाम देने वाले बदमाश सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गए थे। बिना पहचान छिपाए हत्या को अंजाम देने से साफ हो गया कि वह पहचान छिपाना नहीं चाहते थे। मामले में डीजीपी ने तत्काल एसआईटी का गठन किया। मामले के खुलासे को लेकर पुलिस की 11 टीमें जुटी हैं। एसटीएफ की जांच कर रही है। सूत्रों के हत्या करने के बाद दोनों बदमाश चोर रास्तों से पीलीभीत होते हुए फरार हुए थे। पुलिस की टीम स्थानीय लिंक पर भी काम कर रही है। बदमाशों को बाइक और असलहा स्थानीय स्तर से उपलब्ध कराया गया या फिर किसी दूसरी जगह से, इस पर भी गहराई से जांच की जा रही है। इसके साथ ही सराय में तीन दिन तक रुकने की अनुमति के बावजूद नौ दिन तक रहना सवाल खड़े कर रहा है। हाईप्रोफाइल मामले के लिए उत्तराखंड पुलिस ने यूपी और पंजाब पुलिस से मदद ली है। पुलिस मुख्यालय के प्रवक्ता नीलेश



आनंद भरणे ने बताया कि यूपी और पंजाब पुलिस से सहयोग लिया जा रहा है। तीनों राज्यों की पुलिस इस मामले में एक दूसरे को जानकारियां साझा कर रही हैं। नानकमत्ता के डेरा कार सेवा प्रमुख बाबा तरसेम सिंह की हत्या के बाद सोशल मीडिया में वायरल हो रही पोस्ट ने शुक्रवार को सनसनी फैला दी। इसमें नामजद आरोपी के नाम से बनी आईडी की ओर से बाबा तरसेम की हत्या की जिम्मेदारी ली गई। पुलिस का कहना है कि जिस अकाउंट से पोस्ट हुआ है, उसकी सत्यता की जांच की जा रही है। इसके बाद ही कार्रवाई की जाएगी। बाबा तरसेम की बृहस्पतिवार को डेरे में घुसकर दो बाइक सवार लोगों ने गोली मारकर हत्या कर दी है। वारदात के दूसरे दिन हत्याकांड में नामजद एक युवक के नाम से बने सोशल मीडिया अकाउंट से हुई पोस्ट ने सनसनी फैला दी। जानकारी के मुताबिक, गुरुद्वारा की सराय में ठहरे जिस व्यक्ति की आईडी मिली थी, उसी के नाम से सोशल मीडिया में पोस्ट की गई है। इसमें वह वह बाबा तरसेम की हत्या की जिम्मेदारी ले रहा है। डीजीपी अभिनव कुमार ने कहा कि सोशल मीडिया में जो पोस्ट वायरल हुआ है, वह हत्याकांड में नामजद एक आरोपी के नाम से बताई जा रही है। जिस अकाउंट से सोशल मीडिया में यह पोस्ट की गई, उसकी सत्यता जांच की जा रही है। इस बारे में अभी कुछ स्पष्ट नहीं कहा जा सकता है। हत्याकांड को अंजाम देने वाले दोनों हमलावर 19 मार्च से सराय के कमरा नंबर 23 में रह रहे थे। दोनों को कुछ दिन पहले डेरा कार सेवा के पास घूमते हुए भी देखा गया था। इधर शुक्रवार को एसआईटी समेत पुलिस की 10 टीमों ने हत्याकांड में नामजद हमलावर बदमाशों की गिरफ्तारी के लिए पंजाब, यूपी समेत विभिन्न राज्यों में दबिश दी। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि शीघ्र ही हत्याकांड का खुलासा कर दिया जाएगा।

# कांग्रेस चुनाव कार्यालय का हुआ शुभारंभ

बागेश्वर(उद संवाददाता)। लोकसभा चुनाव को लेकर विभिन्न राजीनीतिक दलों का चुनावी प्रचार प्रसार तेज हो गया है।वही बागेश्वर विधानसभा के लिए नगर में कांग्रेस चुनाव कार्यालय



का उद्घाटन कर दिया है। कार्यालय का कांग्रेस जिलाध्यक्ष भगवत सिंह डसीला की अध्यक्षता में नुमाइशखेत स्थित चुनाव कार्यालय का शुभारंभ किया गया।इस दौरान कांग्रेस के भारत जोड़ोऔर राहुल गांधी की न्याय यात्रा से लौटे पूर्व विधायक ललित फर्स्वाण का जिला मुख्यालय पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया।वही जिलाध्यक्ष डसीला द्वारा चुनाव में विभिन्न चुनाव संचालन समिति का गठन कर कार्यकर्ताओं को कांग्रेस के पक्ष में मतदान करने, देश को जुमलेबाजी कर गुमराह करने, युवाओं को विरोजगारी का दंश देने, कमरतोड़ महंगाई की मार से गरीबी वर्ग के लोगों को और गरीबी देने वाली, और ईडी और सीबीआई का दुरुपयोग कर विपक्ष के नेताओं को भृमित कर भाजपा की सदस्यता लेते ही ईमानदार करार देने को हिटलर शाही बताया।वक्ताओं ने भाजपा द्वारा दिए जा रहे जुमलेबाजी को आमजनमानस को घर घर तक कार्यकर्ताओ द्वारा लोगों को जागरूक करने की अपील की।इस दौरान पूर्व विधायक ललित फर्स्वाण, पूर्व जिलाध्यक्ष लोकमणि पाठक, पूर्व जिपं अध्यक्ष हरीश ऐठानी,सहित अन्य कार्यकर्ताओ ने सम्बोधित किया। इस दौरान राजेंद्र सिंह परिहार, बबलू नेगी, किशन कठायत, हरीश त्रिकोटी, आलम मेहरा,देवेंद्र परिहार, विनोद पाठक,ललित गिरी गोस्वामी, लक्ष्मी धर्मशक्तू,आदि मौजूद थे।

# रिकार्ड मतों से होगी भाजपा की जीत: पार्वती

गरुड़(उद संवाददाता)।लोकसभा चुनाव को लेकर विभिन्न राजीनीतिक दलों का चुनावी प्रचार प्रसार तेज हो गया है।वही भाजपा ने गरुड़ मंडल में चुनाव कार्यालय का उद्घाटन कर दिया है। कार्यालय का शुभारंभ विधानसभा संयोजक, और स्थानीय विधायक पार्वती दास व विधानसभा प्रभारी गोविंद सिंह दानू ने किया। चुनाव कार्यालय के शुभारंभ पर मौजूद गरुड़ भाजपा मंडल सहित जिला कार्यकारिणी पदाधिकारी मौजूद रहे।विधायक पार्वती दास ने कहा कि कार्यकर्ता गांव-गांव, घर-घर जाकर भाजपा प्रत्याशी अजय टम्टा के पक्ष में वोट मांगें और भारी मतों से विजयी बनाएं।भाजपा की घर घर लहर है, प्रधानमंत्री के नेतृत्व और उनकी नेतृत्व शक्ति से विपक्ष धरासाई हो गया है, चुनाव मेंभाजपा प्रत्यासी को एकतरफा जनसमर्थन मिल रहा है, कार्यकर्ताओ की मेहनत से भाजपा चुनाव में अप्रत्याशित रिकार्ड मतों से चुनाव जीतेगी।उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर भाजपा के पक्ष में



मतदान की अपील की। इस दौरान कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष खड़क सिंह टंगड़िया, मंडल अध्यक्ष मंगल सिंह राणा,जिला महामंत्री घनश्याम जोशी, महेश बिष्ट, डीके जोशी, रमेश जोशी, हेमा पंत, नरेश आर्य, नंदन सिंह अल्मिया, धनराज दानू, गोपाल सिंह किरमोलिया, चंदन बोरा, अभय नेगी, राजू नेगी, अनीता आर्य, बबीना देवी, इंद्र सिंह बिष्ट, कमलेश पांडे, हरीश रावत, रमेश जोशी आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# राजनीतिक व सामाजिक वर्गों के लोगों ने दी बाबा तरसेम को श्रद्धांजिल

नानकमत्ता। सतनाम वाहेगुरु के जाप के साथ बाबा तरसेम सिंह का पार्थिव शरीर गुरुद्वारा दूधवाला कुआं परिसर में पंचतत्व में विलीन हो गया। बाबा तरसेम सिंह की आत्मा की शांति के लिए हुई अंतिम अरदास में राजनीतिक,धार्मिक, सामाजिक के साथ ही हजारों की संगत ने गुरु महाराज से उनकी आत्मा की शांति की अरदास की। गुरुद्वारा दूध वाला कुआं परिसर में डेरा कार सेवा के दिवंगत जत्थेदार बाबा तरसेम सिंह को अश्रुपुरित आंखों से अंतिम विदाई देने के लिए क्षेत्र व यूपी के आसपास के जिलों से हजारों की संख्या में लोग पहुंचे। वहीं उत्तराखंड के नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य, रुद्रपुर के विधायक शिव अरोरा, विधायक गोपाल सिंह राणा, किसान आयोग के उपाध्यक्ष राजपाल सिंह, डॉ. प्रेम सिंह राणा, नारायण पाल, आरएसएस के क्षेत्र संपर्क प्रमुख हरीश, प्रांत सह बौद्धिक प्रमुख नरेंद्र, ज्ञानेंद्र, वरुण अग्रवाल, उमेश अग्रवाल आदि शामिल थे। शुक्रवार सुबह नौ बजे अरदास के बाद सतनाम वाहेगुरु के जाप के साथ फूलों से सजे विमान पर उनका शव दूधवाले कुआं परिसर में लाया गया। उनके पार्थिव शरीर को धार्मिक डेरा कार सेवा के प्रमुख संत बाबा बचन सिंह ने मुखाग्नि दी। वहां पर दिल्ली के बाबा सुरेंद्र सिंह, रीठा साहिब के बाबा श्याम सिंह, चंडीगढ़ के बाबा लखवीर सिंह, बाबा सतनाम सिंह बिलासपुर, बाबा प्रताप सिंह बाजवा, बाबा पाल सिंह आगरा का ताल, गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष हरबंश सिंह चुघ, महासचिव अमरजीत सिंह, सुरेंद्र सिंह, दविन्दर सिंह, जोगिंदर सिंह, गुरवंत सिंह सोनी, गुरदयाल सिंह, प्रभारी प्रबंधक सुखवंत सिंह भुल्लर, रंजीत सिंह ढिल्लों, बलदेव सिंह चीमा, जसविंदर सिंह गिल, सुखदेव सिंह नामधारी, गुरु सेवक सिंह नामधारी आदि थे।

# निजी स्कूल से भाजपा के प्रचार का आरोप

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। यूथ कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष हेमन्त साहू ने सामान्य प्रेक्षक लोकसभा नैनीताल से सर्किट हाऊस में मुलाकात कर निजी स्कूल से बगैर अनुमित के कॉल सेंटर के माध्यम से सरकार की योजनाओं का प्रचार प्रसार किये जाने की शिकायत की है। साहू का कहना है कि निजी स्कूल से कॉल सेंटर के माध्यम सरकार की योजनाओं का प्रचार करना गलत है। इससे चुनाव में प्रभाव पड़ सकता है जोकि आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन है। साहू ने बताया एआरओ एपी बाजपेयी ने फोन में हुई वार्ता में नोटिस जारी करने की बात कही है।

## पेज एक का शेष...

**मोदी की सभा की...** है। उन्होंने जोगों से अधिक से अधिक संख्या में जनसभा में पहुंचकर प्रधानमंत्री मोदी के विचारों को सुनने की अपील की। सीएम धामी ने बाद में भाजपा कार्यालय पहुंचकर जनसभा की तैयारियों को लेकर भाजपा नेताओं के साथ चर्चा भी की और कार्यकर्ताओं को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिये। इससे पूर्व पुलिस लाईन पहुंचने पर कार्यकताओं ने सीएम धामी का पुष्पगुच्छ भेंट कर नारेबाजी के साथ जोरदार स्वागत किया। इस अवसर पर विधायक शिव अरोरा, जिलाध्यक्ष कमल जिंदल, काशीपुर विधायक त्रिलोक सिंह चीमा, भाजपा प्रदेश मंत्री विकास शर्मा, निवर्तमान मेयर रामपाल सिंह, राजेश शुक्ला, दर्जा राज्य मंत्री उत्तम दत्ता, महंत रमेश वशिष्ठ, राजेश बजाज, प्रमोद मित्तल, गुरविंदर सिंह चंडोक, सतीश गोयल, राकेश सिंह, विजय फुटेला, राजीव चौधरी, धर्म सिंह कोली, रश्मि रस्तौगी, फरजाना बेगम, विपिन जल्होत्रा, जग्गू सिंह, मनोज यादव, हरीश भट्ट, राजीवन राठौर, संजीव मण्डल, संतोष मण्डल, राधेश शर्मा, निमित्त शर्मा, संजीव बाजवा, सुनील ठुकराल, धीरेश गुप्ता, गुंजन सुखीजा, भारत भूषण चुघ, अनिल चौहान, प्रदीप बिष्ट, तरूण बंसल, प्रीत ग्रोवर,मयंक कक्कड़, राम प्रकाश गुप्ता, श्रीकांत राठौर सहित काफी संख्या मे भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

**तो क्या कार सेवा...**अभी तक उनके सुराग नही लगा पाई है। खुलासे के लिए दो एसपी सिटी मनोज कत्याल व एसपी सिटी काशीपुर अभय कुमार समेंत आधा दर्जन से अधिक एसओ व सीओ ने नानकमत्ता में डेरा डाल लिया है। पुलिस के अधिकारी हर बिन्दु पर हत्यारों को पकड़ने गई टीम से फीड बैक ले रहें है। एसपी सिटी मनोज कत्याल ने बताया कि पुलिस की सभी टीमें हत्यारों की तलाया में लगी है। उत्तराखण्ड पुलिस की टीम उत्तराखण्ड के साथ ही पंजाब, यूपी समेत हरियाणा में डेरा डाले हुए है। इसके अलावा अन्य 8 बाहरी प्रदेशों में भी पुलिस की टीम रवाना हुई है। फिलहाल पुलिस को अभी कोई हत्यारों का सुराग नही लगा है।

**चलतीबाइक पर पलटा..**बाइक संख्या यूके 06ए एक्स 9125 पर किच्छा से हल्द्वानी की ओर जा रहे थे। करीब 12 बजे हल्द्वानी बाईपास पर शनि मंदिर के निकट हल्द्वानी की ओर से आ रहा दस टायरा ट्राला संख्या यूके 06सीबी 4647 अचानक अनियंत्रित होकर बाइक के उपर पलट गया। घटना से मौके पर हड़कम्प मच गया। आनन फानन में लोगों ने मौके पर क्रेन मंगवाई । क्रेन की मदद से ट्राले को हटाकर दोनों बाइक सवारों को ट्राले के नीचे से निकाला गया। तब तक छात्र नेता धन सिंह की मौत हो चुकी थी। जबकि इस्लाम गंभीर रूप से घायल था उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र ले जाया गया जहां उसकी हालत गंभीर देखते हुए हायर सैंटर रैफर कर दिया गया। घटना की सूचना पर पूर्व विधायक राजेश शुक्ला, रूद्रपुर के पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल, किच्छा विधायक प्रतिनिधि गौरव बेहड़ समेत तमाम लोग मौके पर पहुंच गये। हादसे में छात्र नेता धन सिंह की मौत से छात्र नेताओं में शोक की लहर दौड़ गयी। छात्र नेता धन सिंह का रूद्रपुर महाविद्यालय की छात्र राजनीति में अच्छा खासा वर्चस्व रहता था। दुर्घटना में धन सिंह की मौत की सूचना पर कई छात्र नेता भी किच्छा पहुंच गये। उन्होंने घटना पर शोक व्यक्त किया।

**ऐतिहासिक होगी ..**को सुनने के आयेंगे। श्री अरोरा ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी स्वयं मोदी मैदान में होने वाली चुनावी रैली की व्यवस्थाओं को देखेंगे जिसके बाद वह भाजपा कार्यालय में कार्यकर्ताओं की बैठक लेकर उन्हें जिम्मेवारियां सौंपेगे। विधायक शिव अरोरा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के रूद्रपुर आगमन को लेकर कार्यकर्ता काफी उत्साहित हैं वहीं आम जनता भी उनके विचारों को सुनने के लिए व्याकुल हैं। वार्ता के दौरान जिलाध्यक्ष कमल जिंदल, रामपाल सिंह, विकास शर्मा, अमित नारंग, अनिल चौहान, सुरेश कोली, मोहन तिवारी, ललित मिगलानी व मयंक कक्कड़ आदि मौजूद थे।

**कुंडा पुलिस के ..**चालान करते हुए अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया। नशीले इंजेक्शनों के साथ पकड़ा गया हाशिम पूर्व में भी इसी मामले में जेल की हवा खा चुका है। उसके खिलाफ काशीपुर कोतवाली में भी एनडीपीएस का एक मामला दर्ज है। वह इंजेक्शनों के क्रय विक्रय से संबंधित कोई बिल आदि पुलिस को नहीं दिखा सका। पुलिस की कड़ी पूछताछ में उसने बताया कि नशीले इंजेक्शनों की खेप वह मुरादाबाद बस स्टैंड के पास हनुमान मूर्ति के नजदीक एक युवक से खरीद कर उसे खुदरा काशीपुर क्षेत्र में नशेड़ियों को बेचता है।

# एसओजी प्रभारी ने अवैध चरस के साथ युवक को किया गिरफ्तार

बागेश्वर(उद संवाददाता)। इन दिनों आदर्श आचार संहिता के पालन के लिए पुलिस मुस्तेद हो गई है।वही विशेष पुलिस दल एसओजी प्रभारी प्रहलाद सिंह अपनी टीम के साथ लगातार अवैध नशे का कारोबार करने, चुनाव में अवैध शराब की तश्करी करने वालों के खिलाफ लगातार अभियान चलाए हुए हैं।वही एसओजी प्रभारी ने कपकोट में331 ग्राम अवैध चरस के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर पुलिस के सुपुर्द किया है।एसओजी टीम कपकोट क्षेत्र में होने वाले अवैध चरस और नशे के काले कारोबार करने वालों पर नकेल कसने हेतु अभियान पर थे तभी उन्हें चेकिंग के दौरान एक व्यक्ति पर शक हुआ, जिसके बाद व्यक्ति की तलाशी ली गई।तलाशी के दौरान एसओजी टीम को 331 ग्राम अवैध चरस मिली।जिसके बाद पकड़े गए व्यक्ति को कपकोट पुलिस के सुपुर्द कर आरोपी के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज किया गया।एसओजी प्रभारी ने बताया कि टीम लगातार अवैध नशे का कारोबार करने वालों के खिलाफ अभियान चलाए हुए हैं।वही टीम द्वारा अवैध नशे का कारोबार करने वालों को चिन्हित किया गया है, उन पर पैनी नजर बनाई गई है।वही एसपी अक्षय कोंडे ने सभी पुलिस अधिकारियों को अवैध नशे का कारोबार करने वालों पर सख्ती बरतने के निर्देश दिए है।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# 'बेटे' के प्रदर्शन से तय होगा 'बाप' का राजनीतिक 'भविष्य'

## पुत्र मोह में हरिद्वार से बंधकर रह गए कांग्रेस की किश्ती के खेवनहार क्या उत्तराखंड में कांग्रेस के दूसरे कमलनाथ साबित होंगे हरीश रावत ?

-अर्श-

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। आमतौर पर बेटे का भविष्य बाप पर निर्भर होता है, लेकिन प्रस्तावित आम चुनाव में उत्तराखंड के सियासी हालात कुछ ऐसे बन पड़े हैं कि यहां अब बेटे के प्रदर्शन पर बाप का राजनीतिक भविष्य निर्भर हो गया है। जी हां ,हम बात कर रहे हैं उत्तराखंड की सबसे हॉट लोकसभा सीट हरिद्वार की ,जहां सूबे के पूर्व मुख्यमंत्री एवं हरिद्वार के पूर्व सांसद हरीश रावत के बेटे वीरेंद्र रावत कांग्रेस की टिकट पर भाग्य आजमा रहे हैं ।कहने की जरूरत नहीं कि हरिद्वार सीट पर प्रत्यक्ष तौर पर वीरेंद्र रावत चुनाव भले ही लड़ रहे हो ,लेकिन हरिद्वार में प्रतिष्ठा उनके पिता की ही दांव पर लगी है। लिहाजा अब लोकसभा चुनाव में उनके प्रदर्शन से ही ,राजनीतिक जीवन के उत्तरार्ध में खड़े उनके पिता के राजनीतिक भविष्य की दशा दिशा तय होगी। हरिद्वार के रण में युवा वीरेंद्र की पीठ पर अनुभवी और खांटी राजनीतिज्ञ हरीश रावत का हाथ बेशक हो और भले ही उनके चुनाव प्रचार के रथ के सारथी की भूमिका उनके पिता ही निभा रहे हो ,मगर हरिद्वार की लड़ाई पिता पुत्र के लिए कतई आसान नहीं है। यद्यपि 2009 के लोस चुनाव में हरिद्वार से सांसद निर्वाचित हो चुके हरीश रावत की सक्रियता इस क्षेत्र में किसी न किसी बहाने लगातार बनी रही है और उनके सांसद चुने जाने के बाद से हरीश समर्थकों की यह धारणा भी बन गई थी कि हरिद्वार में उनके नेता की जड़ें गहराई पकड़ चुकी हैं ,लेकिन 2014 के लोकसभा चुनाव में उनकी पत्नी रेणुका रावत को इसी सीट से करारी शिकस्त और 2017 के विस चुनाव में खुद हरीश रावत की हरिद्वार ग्रामीण से हार ने समर्थकों की यह धारणा तोड़ दी। मगर 2022 के विधानसभा चुनाव में बेटी अनुपमा की जीत ने हरीश समर्थकों की उम्मीदों को एक बार फिर पंख लगा दिए और वे इस जीत को अपने नेता की हरिद्वार में मजबूत पकड़ के तौर पर देखने लगे, परंतु लोकसभा चुनाव के हालात विधानसभा चुनाव से सर्वथा भिन्न है,अब हरीश रावत के सामने मोदी मैजिक एवं राम मंदिर निर्माण से भाजपा के प्रति उपजे प्रचंड जन समर्थन से मुकाबला करते हुए बेटे को लोकसभा चुनाव में हरिद्वार सीट पर जिताने की कठिन चुनौती है। गौरतलब है कि हरिद्वार सीट पर कांग्रेस का परचम लहराने के लिए हरीश रावत को तकरीबन ढाई लाख से अधिक वोटो के अंतर की खाई को हर हाल में पाटना होगा तब जाकर कहीं पूर्व मुख्यमंत्री अपने पुत्र की पॉलीटिकल लाइफ सेट कर पाएंगे और अपनी डूबती राजनीतिक नैया को कुछ हद तक पर लगा पाएंगे ।हालांकि हरिद्वार में मुस्लिम वोटो की संख्या अच्छी खासी है, लेकिन बसपा ने मुस्लिम प्रत्याशी उतार कर रावत की टेंशन बढ़ा दी है ।एक तरह से यह उनका इम्तिहान भी है जिसके चलते हरीश रावत सोशल मीडिया पर कार्यकर्ताओं से अपना मान रखने की अपील करने को बाध्य हुए हैं । उन्होंने एक भावुक पोस्ट में कार्यकर्ताओं से अपील की है कि कार्यकर्ता स्वयं को हरीश रावत समझकर कांग्रेस की जीत के लिए काम करें।रावत ने अपनी पोस्ट में कार्यकर्ताओं को यह भी याद दिलाया है कि किसी भी पद पर रहते हुए उन्होंने अपने दरवाजे कार्यकर्ताओं के लिए कभी भी बंद नहीं किए और न ही कार्यकर्ताओं को निराश किया। हरीश रावत की यह भावुक अपील कांग्रेस कार्यकर्ताओं कितनी प्रेरणा दे पाएगी ? यह तो समय बताएगा, लेकिन हरिद्वार के रण में यह देखना खासा दिलचस्प है कि हर बार चुनावी पिच में उतरने वाले हरीश रावत इस बार लोकसभा चुनाव मैदान से बाहर हैं।अबकी बार वे एक कोच की भूमिका निभा रहे हैं और इस बार चुनावी पिच पर जौहर दिखाने का जिम्मा उनके बेटे वीरेंद्र पर है । राजनीति के अनुभवी खिलाड़ी हरीश रावत बेटे को चुनावी पिच पर सियासी बल्लेबाजी के टिप्स दे रहे हैं। यही वजह है कि वे हरिद्वार सीट से बाहर नहीं निकल पा रहे हैं ,जबकि हरीश रावत की उपयोगिता कांग्रेस की दृष्टि से समूचे उत्तराखंड में है और यदि वे पूरी सक्रियता एवं दमखम से पूरे प्रदेश में जोरदार प्रचार करें, तो कांग्रेस प्रत्याशियों की संभावनाएं काफी उजली हो सकती हैं लेकिन फिलहाल पुत्र मोह ने उन्हें हरिद्वार संसदीय सीट से पूरी तरह बांध रखा है? ऐसे में यह सवाल उठाना लाजमी है कि क्या हरीश रावत कांग्रेस के दूसरे कमलनाथ साबित होंगे ? स्मरणीय है कि कांग्रेस के दिग्गज नेता कमलनाथ ने वर्ष 2019 के चुनाव में मध्य प्रदेश का मुख्यमंत्री रहते हुए अपना सारा दमखम और समय अपने बेटे नकुलनाथ को चुनाव जिताने में लगा दिया था ,जिसके चलते मध्य प्रदेश की अन्य सीटों पर कांग्रेस का बेड़ा गर्क हो गया था।





# रूद्रपुर में खुला मोशन एजुकेशन सेंटर

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। कोटा राजस्थान के मोशन एजुकेशन सेंटर के आठवें एवं उत्तराखण्ड के दूसरे सेंटर का आज शॉपर स्ट्रीट के द्वितीय तल पर धार्मिक अनुष्ठानों के साथ विधिवत शुभारम्भ किया गया। सर्वप्रथम सेंटर में सुखमनी साहिब का पाठ आयोजित हुआ। जिसके बाद रागी जत्थों द्वारा कीर्तन किया गया। मोशन एजुकेशन सेंटर के ज्वाइंट डायरेक्टर शिवप्रकाश विजय व अमित कुमार वर्मा ने फीता काटकर सेंटर का शुभारम्भ कर बताया कि मोशन एजुकेशन सेंटर की देश में लगभग साठ शाखायें मौजूद हैं। जिनमें उत्तराखण्ड में हरिद्वार के बाद अब यहां सेंटर खोला गया है। उन्होंने बताया कि सेंटर में कक्षा आठ से लेकर युवाओं को इंजीनियरिंग व मेडिकल की शिक्षा प्रदान की जायेगी। जिन्हें कोटा से आये प्रशिक्षित शिक्षकों द्वारा विस्तार से गहन शिक्षा दी जायेगी। उन्होंने बताया कि प्रबंधक अनूप सिंह की देख रेख में सेंटर मीरी पीरी खालसा एजुकेशन, नवाबगंज द्वारा संचालित किया जायेगा। इस मौके पर अमरीक सिंह, अवतार सिंह, भूपेन्द्र सिंह, गुरबाज सिंह, स्वर्ण सिंह, बलबीर सिंह, सर्वजीत सिंह, महेन्द्र सिंह, प्रताप सिंह, प्रीतम सिंह, करतार सिंह, दर्शन सिंह, गुरजंट सिंह, कर्नल गुरदेव सिंह, अमित वर्मा, सुरेन्द्र सिंह, बूटा सिंह, हरपाल सिंह, जितेन्द्र कुमार, नरेन्द्र पाल सिंह, हरजीत सिंह, मनजीत कौर, बाबा गुरमीत सिंह, रक्षपाल सिंह, जोगेन्द्र सिंह, जसवीर कौर, दर्शना कौर, सतवंत कौर, प्रीतम कौर, शमशेर सिंह, हरबंस सिंह, गुरविन्दर सिंह सहित कई गणमान्य लोग मौजूद थे।



# उत्तराखंड को केंद्र से दो महीने के लिए मिली 144 मेगावाट और बिजली

देहरादून(उद संवाददाता)। उत्तराखंड में गर्मी के साथ ही बढ़ती जा रही मांग के बीच केंद्र सरकार से एक राहतभरी खबर आई है। केंद्र ने दो माह के लिए उत्तराखंड को गैर आवंटित कोटे से 12 प्रतिशत बिजली देने का फैसला लिया है। केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिया है। उत्तराखंड को दो माह 12 प्रतिशत और इसके आगे के दो माह सात प्रतिशत बिजली मिलेगी। राज्य को केंद्र से मिल रहा बिजली का कोटा 31 मार्च को समाप्त होने जा रहा है। इस बीच अगर समय रहते केंद्र से बिजली न मिलती तो प्रदेश में भारी किल्लत हो सकती थी। पिछले दिनों केंद्रीय विद्युत मंत्रालय ने राज्य को 150 मेगावाट बिजली अप्रैल, मई और जून माह के लिए देने का आदेश जारी कर दिया था। अब गैर आवंटित कोटे से विभिन्न राज्यों को बिजली आवंटित की गई है। उत्तराखंड को इसमें से अप्रैल माह में 12 प्रतिशत, मई में 12 प्रतिशत बिजली मिलेगी। जून, जुलाई माह में सात-सात प्रतिशत बिजली मिलेगी। करीब 1200 मेगावाट में से 12 प्रतिशत के हिसाब से राज्य को दो माह तक 144 मेगावाट अतिरिक्त बिजली मिलेगी। जबकि 2 माह 84 मेगावाट बिजली मिलेगी। इससे राज्य को फिलहाल राहत मिल गई है। राज्य में जैसे-जैसे गर्मी बढ़ रही है, वैसे ही बिजली की मांग भी बढ़ने लगी है। शुक्रवार को बिजली की मांग चार करोड़ यूनिट का आंकड़ा पार कर गई। हालांकि यूपीसीएल के निदेशक परियोजना अजय कुमार अग्रवाल का कहना है कि फिलहाल कहीं भी रोस्टिंग नहीं की जा रही है। मांग के सापेक्ष बिजली जुटाई जा रही है। बाजार से भी कुछ बिजली अपेक्षाकृत कम दामों पर खरीदी जा चुकी है। प्रदेश में नई विद्युत दरें एक अप्रैल से लागू होनी हैं, लेकिन चुनाव आचार संहिता की वजह से आयोग ने फिलहाल इसे रोक लिया है। आयोग के अधिकारियों का कहना है कि 19 अप्रैल को राज्य में चुनाव होने के बाद चुनाव आयोग को एक पत्र भेजा जाएगा। ताकि समय रहते विद्युत दरें जारी हो सकें।


